हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

**तापमान**
अधिकतम 38.3 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री


मार्च के दूसरे पखवाड़े में धूप तेज होने लगी है। इससे बचने लोग छातों व कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## सहायक खाद्य अधिकारी, फूड इंस्पेक्टर मुख्यालय अटैच

**बिलासपुर।** जिले के मस्तूरी ब्लॉक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल गबन मामले में कलेक्टर ने सहायक खाद्य अधिकारी राजीव लोचन तिवारी और खाद्य निरीक्षक ललिता शर्मा को मुख्यालय अटैच कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दोनों अधिकारियों को तत्काल कार्य क्षेत्र का प्रभार छोड़कर मुख्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उनकी जगह सहायक खाद्य अधिकारी अजय मौर्य और खाद्य निरीक्षक आशीष दीवान को मस्तूरी का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। वहीं, जिले के अन्य क्षेत्रों में पदस्थ अधिकारियों के प्रभार में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह मामला मस्तूरी क्षेत्र के दुकानों में चावल गबन की शिकायत और जांच के बाद कार्रवाई न करने तथा फाइल को दबाने से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, मस्तूरी के ग्राम पंचायत सुलौनी के एक दुकानदार द्वारा 300 क्विंटल चावल का गबन किया गया था। इस मामले में मस्तूरी एसडीएम कार्यालय ने एफआईआर के लिए कलेक्टर को प्रस्ताव भेजा था। इस पर लेकिन कोई करवाई नहीं हुई। इसके अलावा, सीपत तहसील के पौड़ी क्षेत्र में 100 क्विंटल चावल गबन का मामला भी सामने आया था।

### एनजीओ की सक्रियता से पुलिस ने पकड़ा
# नाबालिग को भगाकर एक साल से देवरीखुर्द में रह रहा था बांग्लादेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नागपुर के एनजीओ की सक्रियता से पुलिस ने बांग्लादेश से नाबालिग को भगाकर पिछले एक साल से देवरीखुर्द में किराए के मकान में रहने वाले युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने बलात्कार पाक्सो एक्ट, पासपोर्ट अधिनियम के तहत युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं नाबालिग को सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। बांग्लादेशी युवक पिछले एक साल शहर में रह रहा था और पुलिस को भनक नहीं लगी।

तोरवा पुलिस के अनुसार, 19 जून 2023 को बांग्लादेश में रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पतासाजी करने पर जानकारी हुई एक युवक उसे लेकर भागा है। अपराध कायम कर बांग्लादेश पुलिस दोनों की पतासाजी कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिग व युवक भागकर भारत आ गए हैं। बांग्लादेश के एनजीओ ने नागपुर के फ्रीडम फर्म नामक एनजीओ से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। एनजीओ के सदस्यों के द्वारा नाबालिग व युवक की तलाश की जा रही थी। काफी मशक्कत के बाद एनजीओ के सदस्यों को जानकारी हुई दोनों तोरवा देवरीखुर्द में किराए के मकान में रह रहे हैं। एनजीओ के सदस्यों ने एसपी रजनेश सिंह से मिलकर घटना की जानकारी दी। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर 17 मार्च को तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने एंजियों के सदस्यों के साथ देवरीखुर्द में दबिश देकर नाबालिग व हृदोय कुमार शर्मा पिता रिपोन शर्मा 20 साल तोरफ नोआपारा, उपजिला जंशोर बांग्लादेश निवासी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उनके पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। कड़ाई बरतने पर दोनों ने बांग्लादेश से भागकर शादी करने के बाद पिछले एक साल से यहां किराए के मकान में रहना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 122/ 25 धारा 141, 143, 143, 4, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट व पासपोर्ट अधिनियम 1964 की धारा 14 एबी के तहत युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी को सुरक्षार्थ रखने सौंप दिया गया है।

**पुलिस को नहीं लगी भनक**



- युवक गिरफ्तार गया जेल, नाबालिग को सीडब्ल्यूसी को सौंपा

### टेंट का काम कर रहा था युवक

युवक नाबालिग को भगाने के बाद देवरीखुर्द में आकर झोपड़ीनुमा मकान में रहकर टेंट लगाने का काम कर गुजर बसर कर रहा था। मजेदारबात यह है कि वे बिना वीजा पासपोर्ट के यहां एक साल से रहे थे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वहीं पुलिस को मकान मालिक की जानकरी तक नहीं है, जिसने उन्हें यहां रहने के लिए शरण दी थी।

### बड़ी संख्या में रह रहे बाहरी प्रदेश के लोग

बताया है देवरीखुर्द अटल आवास व हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बड़ी संख्या में बाहरी प्रदेश के लोग रह रहे हैं। बड़ी संख्या में बाहर प्रदेश के लोग किराए के मकान में रहकर काम कर रहे हैं। इसी तरह गणेशनगर चुचुहियापारा में भी बड़ी संख्या में बाहरी प्रदेश के किराए के मकान में रहकर फेरी लगाने का काम कर रहे हैं, न तो मकान मालिकों के द्वारा किराएदारों की जानकारी दी जा रही है और न ही पुलिस बाहरी प्रदेश के लोगों की जानकारी ले रही है।

### भारत सरकार को भेजी जा रही जानकारी

तोरवा पुलिस ने बांग्लादेशी नाबालिग व युवक के पकड़े जाने की जानकारी डीएसबी शाखा को दी। डीएसबी के अधिकारी ने दोनों से यहां आने के संबंध में जानकारी दी। डीएसपी शाखा से नाबालिग को सीडब्ल्यूसी में सुरक्षार्थ रखने व युवक के जेल जाने की जानकारी राज्य सरकार व भारत सरकार एमबीसी को भेजा रहा है।

### बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार, गया जेल

बांग्लादेश से नाबालिग को भगाकर युवक पिछले एक साल से देवरीखुर्द में किराए के मकान में रह रहा था। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नाबालिग को सीडब्यूसी में सुरक्षार्थ रखा गया है। दोनों के पकड़े जाने की जानकारी भारत सरकार एमबीसी को भेजा रहा है।

- अभय सिंह बैस तोरवा टीआई


कार्रवाई के बाद कोटा थाने में रखे गए रेत से भरे वाहन।

# रेत माफिया पर कोटा पुलिस का प्रहार, 22 ट्रैक्टर 2 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा पुलिस ने रेत माफिया पर प्रहार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। अभियान चलाकर पुलिस ने अवैध रूप से अरपा नदी से रेत परिवहन करते 22 ट्रैक्टर, 2 हाइवा को पकड़कर गाड़ी जब्त कर लिया है, जिससे हड़कंप मच गया है। पुलिस दस्तावेजों की जांच करने के बाद कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग को सौंपेगी।

एसपी रजनेश सिंह ने थानेदारों को अवैध शराब बेचने वाले व अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उनके निर्देश पर कोटा थाना प्रभारी आईपीएस सुमित कुमार, एसआई राज सिंह स्टाफ के साथ पिछले 10 दिनों से शाम 6 से रात 11 बजे तक कोटा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रहे हैं। रविवार को कोटा क्षेत्र में अरपा नदी से रेत परिवहन करने वाले वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की गई। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर गाड़ियों को थाने में खड़े करा दिया गया है। पिछले 10 दिन में अवैध रूप से रेत परिवहन करने वाले 22 ट्रैक्टर व 2 हाइवा वाहन को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों से थाना परिसर खचाखच भर गया है। वाहन मालिकों से गाड़ियों से दस्तावेज की मांग की कर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी सुमित कुमार ने बताया, दस्तावेजों की जांच करने के बाद सभी वाहनों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के माइनिक विभाग को सौंपा जाएगा। कोटा पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। गाड़ी छुड़ाने के लिए वाहन मालिक थाने का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी एक नहीं चल रही है। खबर है कि कोटा के अलावा बेलगहना क्षेत्र में अरपा नदी से जोरों से अवैध रेत का परिवहन हो रहा है।

**बिना नम्बर ट्राली पकड़ी गई** आईपीएस सुमित कुमार ने बताया, जब्त ट्रैक्टरों में चलने वाली अधिकांश ट्रालियों पर नम्बर नहीं है। बिना नम्बर के ट्राली से अवैध रूप से रेत परिवहन किया जा रहा है। बिना नम्बर के ट्राली चलाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने आरटीओ विभाग को मामला सौंपा जाएगा।




### पाठबाबा, सेंदरी घाट से रेत परिवहन

खबर है कि प्रतिदिन रात में सिविल लाइन क्षेत्र के धूरीपारा पाठबाबा व कोनी क्षेत्र के घुटकू, सेंदरी, लच्छनपुर घाट में अरपा में जेसीबी से रेत निकालकर बेखौफ ट्रैक्टरों में परिवहन किया जा रहा है।

**ये वाहन हुए जब्त :** सीजी 10 बीआर,3952 चालक उग्रसेन जांगड़े सोनबंधा, बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक अभिषेक मसीह शांतिपुर तखतपुर, बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक दशरथ साहू, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 29 एई, 6292 चालक केविल कुमार जांगड़े, बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक देवेन्द्र जांगड़े जूनापारा, बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक आदित्य जांगड़े गोबरीपाट, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 एबी, 5702 चालक पवन साहू बेड़ापाट, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 बीवी, 9150, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 डीए, 1421 चालक देवचरण पटेल रतखंडी, बिना नम्बर का ट्रैक्टर चालक बिंद कुमार सहित अन्य गाड़ियों को जब्त किया गया है।

# निस्तारी भूमि कैसे बदल गई निजी भूमि में, होगी जांच
### गर्मी में आग से निपटने अफसरों को किया अलर्ट, कलेक्टर ने टीएल बैठक में की योजनाओं की समीक्षा

**बिलासपुर।** गांवों में निस्तार के लिए आरक्षित भूमि के निजी भूमि स्वामी हक के रूप में तब्दील किये जाने के मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस संबंध में मिली शिकायत के आधार पर इसे टीएल पंजी में दर्ज कर चारों एसडीएम से घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कलेक्टर ने टीएल बैठक में राज्य सरकार के प्राथमिकता वाली योजनाओं और लंबित महत्वपूर्ण मामलों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में समीक्षा करते हुए सीपत में 5 साल पहले बने 100 बेड अस्पताल के बिना इस्तेमाल के खण्डहर में तब्दील होने के मामले में तथ्यों की जांच के लिए 5 अधिकारियों की टीम भी गठित की है। टीम 10 दिनों में मामले की जांच कर प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को सौंपेगी। बिना सूचना के टीएल बैठक से नदारद रहने पर डिप्टी कलेक्टर अरूण खलखो को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने पण्डित सुन्दरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में 4.6 करोड़ रूपये से बने हास्टल के संबंध में रिपोर्ट मंगाई है। जबकि ओपन यूनिवर्सिटी होने के कारण छात्रों के ठहरने के लिए हास्टल निर्माण की कोई जरूरत ही नहीं थी। तीन साल से पहले यह भवन तैयार हुआ है। इनमें दरारें आ जाने के कारण यह खण्डहर में तब्दील होते जा रहा है। गृह निर्माण मण्डल के कार्यपालन अभियंता से दो दिवस में इसकी रिपोर्ट चाही गई है।



टीएल की बैठक में अफसरों को निर्देश देते कलेक्टर अवनीश शरण।

### कृषि विभाग के 4 एसएडीओ को नोटिस

कलेक्टर ने बैठक में एग्रीस्टेक योजना के तहत किसान पंजीयन की प्रगति की भी समीक्षा की। पंजीयन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की। कृषि विभाग के अधिकारी इसे राजस्व विभाग का काम समझकर इसके प्रति उपेक्षा भाव रखे हुए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी चारों विकासखण्ड के एसएडीओ को शो कॉज नोटिस जारी किए। उन्होंने प्रति आरएईओ प्रति दिन 100 का लक्ष्य पूर्ण करने और 25 मार्च तक जिले का सम्पूर्ण लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। जिन एसएडीओ को नोटिस जारी किया गया है, उनमें बिल्हा एसएडीओ आरएस गौतम, तखतपुर एसएडीओ एके सत्यपाल, मस्तुरी एसएडीओ एके आहिरे एवं कोटा एसएडीओ रामावतार साहू शामिल हैं। तीन दिन में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### गर्मी में आग से निपटने अफसरों को किया अलर्ट

कलेक्टर ने कहा कि गरमी अब बढ़ने लगी है। तेज गरमी के कारण लू के हालात बन रहे हैं। गरमी के कारण आगजनी के लिए उचित माहौल बन जाता है। उन्होंने अग्निशमन, पुलिस एवं बिजली विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जंगलों में आग में इसी समय में लगती है। वन विभाग को भी एहतियातन कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने होम गाइर्स, नगर निगम की दमकलों को चौबीसों घण्टा मुस्तैद रहने को कहा है। कलेक्टर ने पीएम पोर्टल एवं सीएम जनदर्शन के लंबित मामलों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। पीएम पोर्टल के अब मात्र 30 आवेदन निराकरण के लिए शेष रह गए हैं। कलेक्टर ने एक सप्ताह में इनका शतप्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए । कलेक्टर ने अपने कार्यालय एवं इर्द-गिर्द नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाते रहने को कहा है।

### एसडीएम ने शुरू की जांच

कलेक्टर के निर्देश पर कोटा राजस्व अनुविभागीय अधिकारी ने निस्तार भूमि के संबंध में जांच शुरू कर दी है। कोटा तहसील में 507 में से 163 व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है। बेलगहना में 1545 में से 862 तथा रतनपुर में 210 में से 196 का प्रकरण दर्ज कर संबंधितों को नोटिस जारी किया जा रहा है। निस्तार पत्रक से पृथक होकर निजी भूमि स्वामी के रूप में दर्ज पक्षकारों से जानकारी लिया जायेगा कि निस्तार पत्रक में दर्ज भूमि, भूमिस्वामी हक में किस आदेश के तहत दर्ज किया गया है। इसी तरह की कार्रवाई तखतपुर, मस्तूरी एवं बिल्हा के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि निस्तार भूमि के अंतर्गत गांवों में चारागाह, घास भूमि, कब्रस्तान, श्मशान भूमि, गोठान, खलिहान, बाजार, खाद के गड्ढे, धरसा, तालाब आदि की भूमि शामिल हैं। ये गांव की सामूहिक उपयोग की भूमि होते हैं। किसी निजी व्यक्ति के भूमि स्वामी हक में इसे दर्ज नहीं किया जा सकता है।


# सिम्स में लापरवाही : कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

**एमएस ने गठित की टीम**

### दो दिनों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट, डॉ नीरज शिंदे करेगें मामले की जांच।

**बिलासपुर।** सिम्स में गर्भवती महिला को गलत इजेक्शन लगाकर पांच महीने के गर्भ को नष्ट करने के मामले में प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। अखबार में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच के आदेश दिए है। वहीं इस मामले में अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने जांच टीम गठित कर दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मंगाई है।

मामले के अनुसार होली के दिन कोटा क्षेत्र के करगीकला गांव निवासी गिरिजा साहू पति बद्री प्रसाद साहू 24 वर्ष को पेट दर्द की शिकायत थी। गर्भवती को 13 मार्च को सिम्स में भर्ती कराया था, इससे पहले कोटा सीएचसी में इलाज किया गया था और वहां से रिफर होकर सिम्स पहुंची थी। 14 मार्च को ब्लीडिंग होने पर सिम्स के डाक्टरों ने सोनोग्राफी कराई और गिरिजा को इंजेक्शन लगाया गया। महिला का आरोप है कि यह इंजेक्शन वार्ड में भर्ती अन्य महिला कविता को लगाया जाना था, लेकिन गलती से उसे इंजेक्शन लगाया गया है और उसके पेट में पल रहे 5 महीने के बच्चे की मौत हो गई है। मामले में सिम्स प्रबंधन ने पहले ही अपनी सफाई दे दी है लेकिन सोमवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने समाचार पत्रों पर प्रकाशित खबरों के आधार पर गर्भवती महिला के साथ हुए लापरवाही को ध्यान में रखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। सिम्स प्रबंधन इस मामले में 2 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगा।


गर्भवती को लगा दिया गलत इंजेक्शन, हंगामा
हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

कलेक्टर के आदेश के बाद सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने जांच टीम का गठन किया है, जिसमें जांच टीम की अध्यक्षता सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ नीरज शिंडे के साथ ही दो अन्य विभागों के एसोसिएट प्रोफेसर शामिल होंगे। खास बात यह है कि इस जांच में गायनिक विभाग के डाक्टर और स्टाफ को अलग रखा गया है। डॉ सिंह ने बताया कि मामले में सीएमएचओ कार्यालय से भी सहयोग लिया जा रहा है।



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

17 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/17/2025 11:58 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मिडिल स्कूल शुरू करने ग्रामीणों ने दिया आवेदन



**बिलासपुर।** कलेक्टर ने अपनी साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आम लोगों के साथ ही बुजुर्ग महिलाएं एवं किसानों ने अपनी समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने हर व्यक्ति से उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर अवनीश शरण ने सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया, जिसमें तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खजुरीनवागांव के ग्रामीणों ने मीडिल स्कूल शुरू करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गांव की जनसंख्या लगभग 4 हजार है। यहां तीन प्राथमिक शाला है। खजुरीनवागांव एवं बिनौरी में मीडिल स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को काठाकोनी या देवरीखुर्द तक स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी गांव के लोगों ने निस्तारी तालाब से बेजा कब्जा हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि बंधियापारा के ही एक व्यक्ति ने बलपूर्वक तालाब के उत्तर दिशा में बेजा कब्जा कर लिया है। कलेक्टर ने इस मामले की जांच एसडीएम तखतपुर को करने के निर्देश दिए हैं।

### खाने-पीने के सामानों का पेमेंट भी होगा डिजिटल



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर पहला एवीएम यानि आटोमेटिक वेंडिंग मशीन लगाई गई है, जिसमें यात्रियों को खाने-पीने का सामान लेने के लिए कैश पेमेंट देने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री डिजिटल पेमेंट के जरिए सामानों की खरीदी कर सकेंगे, जिससे चिल्हर की समस्या से मुक्ति मिलेगी। रेल प्रशासन ने वर्तमान में सारे कार्य आनलाइन और डिजिटल पेमेंट से करना शुरु कर दिया है। निविदा से लेकर आरक्षित और अनारक्षित टिकिट की बिक्री भी यूटीएस मोबाइल एप और एटीवीएम के माध्यम से हो रही है, जिसके लिए रेलवे के कामर्शियल स्टाफ भी यात्रियों को पूरा सहयोग कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन में सबसे अधिक समस्या खाने-पीने के सामानों की बिक्री करने वाले स्टॉलों में रहती है, जहां चिल्हर नहीं होने के कारण कई बार यात्रियों और स्टाल में बैठे कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इस समस्या को देखते हुए रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में यात्रियों के लिए एक नई व्यवस्था की है। यात्रियों को चिप्स, कुरकुरे, चाकलेट और कोल्ड्र ड्रिंक जैसे स्नेक्स व पेय पदार्थ की खरीदी करने के लिए स्टॉल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री आटोमेटिक वेंडिंग मशीन के जरिए खाने-पीने के सामानों की खरीदी स्वयं कर सकेंगे। यात्रियों को आसान, त्वरित एवं डिजिटल भुगतान से खान-पान के सामानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर एवीएम यानि आटोमेटिक वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है, जिसका सोमवार को विधिवत शुभारंभ स्टेशन में मौजूद एक छोटी बच्ची से कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन भी मौजूद थे।

### इनाया ने रखा अपना पहला रोज़ा अमन चैन की मांगी दुआ

**बिलासपुर।** रमज़ान के पाक महीने में 5 वर्ष की इनाया



फतिमा ने अपना पहला रोज़ा रखा है। भारतीय नगर में रहने वाली इनाया केजी-2 की छात्रा है। इनके पिता मोहम्मद नौशाद निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। इनाया फातिमा ने रोज़ा रखकर मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी।

### उत्कर्ष योजना के तहत चयन परीक्षा अब 30 को

**बिलासपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि में संशोधन करते हुए परीक्षा का आयोजन 30 मार्च 2025 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक किया गया है। योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं में प्रवेश दिया जाता है।

### पीआरएस में बुकिंग का आंकड़ा 500 से अधिक

**बिलासपुर।** नए पीआरएस में यात्रियों को निःशुल्क पार्किंग के साथ बेहतर टिकिटिंग की सुविधा उपलब्ध हो रही है। सुबह 8 बजे से रात 10 बजे के दौरान दो पालियों में 3-3 काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। औसतन प्रतिदिन 500 आरक्षण टिकिट जारी हो रहे हैं। इसके अलावा आरक्षित गाड़ियों की करंट बुकिंग हेतु अनारक्षित टिकिट बुकिंग घर में एक काउंटर की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है। प्रति घंटे प्रति काउंटर 5 टिकिट की डिमांड है। इस प्रकार यात्रियों को आसानी से त्वरित आरक्षित टिकिट प्राप्त हो रही है। डिवीजन के सीनियर डीसीएम के अनुसार डिजिटल टिकिटिंग मोड़ को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकिट खरीद सकें। इस उद्देश्य से स्टेशन में आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, यूटीएस मोबाइल ऐप तथा आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षित टिकिटिंग की सुविधा के साथ क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी, 24.2 डिग्री पर, घरों में चलने लगे एसी व कूलर

**बिलासपुर।** अधिकतम तापमान के बाद अब न्यूनतम तापमान में भी जबरदस्त बढ़ोत्तरी हो चुकी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में 14 डिग्री का अंतर है, ऐसे में उमस भरी गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। वहीं घरों में एसी और कूलर शुरू हो चुके हैं।





गर्मी शुरू होते ही शहर के उद्यानों में लगे फव्वारे चलने लगे हैं। कोन्हेर उद्यान में सौंदर्यीकरण पूर्ण होने के बाद चल रहा फव्वारा आकर्षित कर रहा है।

# वापस भेजी गई एमपी से मंगाई गई ईवीएम

**बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम से कराए जाने के निर्णय पश्चात मध्य प्रदेश के शहडोल जिला से ईवीएम यहां मंगाई गई थी। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट मिलाकर करीब डेढ़ हजार मशीनें लाई गई थी, जिसे यहां से सोमवार को ट्रकों में भरकर मध्य प्रदेश भेज दिया गया।

इस बार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के नियम, व्यवस्था में परिवर्तन कर ईवीएम के माध्यम से चुनाव कराने का निर्णय लिया था। इसलिए पिछले 10 साल से गोडाउन में बंद पड़े ईवीएम को निकलवाया गया और कहीं ईवीएम मशीनें कम न पड़ जाए इसलिए और ईवीएम की मांग की गई थी। ठीक नगरीय निकाय चुनाव के पहले मध्य प्रदेश के शहडोल जिले से दो ट्रकों में भरकर यहां बिलासपुर ईवीएम लाई गई थी। इसमें बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट शामिल थे। ये मशीनें स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के गोडाउन में रखें हुए थे। ये अतिरिक्त ईवीएम मशीनें हैं, जिनका चुनाव में उपयोग नहीं हुआ, इसलिए अब इन मशीनों को वापस भेजा गया है। आज निर्वाचन कार्यालय के गोडाउन से बड़ी-बड़ी पेटियों में बंद ईवीएम मशीनों को ट्रकों में भरकर शहडोल वापस भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस सरकार ने नियमों में बदलाव करते हुए ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराया था। इससे पहले भाजपा सरकार के दौरान,



नगरीय निकाय चुनाव हमेशा ईवीएम से होते आए थे। इस बार प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो फिर से ईवीएम से चुनाव कराया गया और नगर निगम महापौर से लेकर नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए एक ही मशीन में वोट पड़े थे।

## बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत में किया गया है शामिल

# मार्च के अंत तक नए स्वरूप में नजर आएगा उसलापुर आदर्श स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार अमृत भारत योजना के तहत 14 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जिसका टारगेट फरवरी से एक माह अतिरिक्त बढ़ाते हुए मार्च के अंत तक कर दिया गया है। इस परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें स्टेशन के सामने स्थित पुरानी बिल्डिंग के सामने प्लाई लगाने के अलावा अन्य निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्टेशन एक नए स्वरूप में यात्रियों को नजर आएगा। उसलापुर सहित जोन और डिवीजन के 49 स्टेशनों को अमृत भारत में शामिल करते हुए उनका कायाकल्प किया जा रहा है, जिसे पूरा करने का टारगेट 32 माह रखा गया है।

रेलवे प्रशासन ने छोटे स्टेशनों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छोटे स्टेशनों की अपग्रेडेशन और नवीनीकरण किया जाएगा। उसलापुर स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया गया है, और इसे विकास की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। वर्तमान में बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के दबाव को कम करने के लिए दुर्ग से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होकर जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर जाने वाली एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या 7 हजार से कम और उसलापुर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। बिलासपुर डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत उसलापुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, शहडोल, अंबिकापुर, अनूपपुर सहित करीब 49 छोटे-बड़े स्टेशनों को शामिल करते हुए काम की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत बिलासपुर स्टेशन के सब स्टेशन के रूप में विकसित होने वाले उसलापुर स्टेशन के सामने प्लाई लगाने के अलावा नई पार्किंग व अन्य कार्यो को किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काम पूरा करने के लिए ठेकेदार को 28 फरवरी के बजाय मार्च अंतिम का टारगेट दिया गया है।



उसलापुर रेलवे स्टेशन का मेन गेट जहां चल रहा काम।

### जोन के 49 स्टेशन शामिल

बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में 49 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इसमें भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपनिया, भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, नैला, अकलतरा, कोरबा, पेण्ड्रारोड, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, बिलासपुर सहित उसलापुर स्टेशन भी है, जहां पहुंच मार्ग, द्वार व स्टेशन परिसर का विकास, प्लेटफार्म शेल्टर, स्टेशन में एलईडी नेमबोर्ड, स्टेशन परिसर में पर्याप्त लाइटिंग कैफेटेरिया, स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए सौंदर्यीकरण, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, पार्सल के लिए जगह व अन्य कार्य होंगे।

### सुविधाओं का होगा विस्तार

नए विकास में स्टेशन पर आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर पहुंच मार्ग, द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर, एलईडी नेम बोर्ड, पर्याप्त लाइटिंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, और पार्सल के लिए जगह जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, पार्किंग, सुंदरता के लिए गार्डन और डिजाइन किए गए साइनेज का भी विकास किया जाएगा।



### खर्च किए जाएंगे 500 करोड़ रुपए

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के एयरपोर्ट जैसे स्तर तक पहुंचाने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। विभिन्न स्टेशनों के लिए राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें उसलापुर स्टेशन को 14 करोड़ रुपए, पेण्ड्रा को 7.03 करोड़ और शहडोल को 16.03 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

## जिपं के नवनिर्वाचित सदस्यों का 25 को होगा शपथ ग्रहण

**बिलासपुर।** जिला पंचायत, उपाध्यक्ष सहित निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह लखीराम आडिटोरियम में होगा, जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव सहित सभी विधायक भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण की तिथि फाइनल होने के बाद जिला पंचायत की ओर से तैयारी शुरू हो गई है।

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का शपथ ग्रहण पहले 12 मार्च को निर्धारित किया गया था, किन्तु उसके ठीक एक दिन पहले अपरिहार्य कारणों से शपथ ग्रहण स्थगित कर दिया गया था। इसलिए यह तय माना जा रहा था कि होली त्यौहार के बाद शपथ ग्रहण होगा। अब जिला पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण की तिथि फाइनल हो गई है और 25 मार्च को करमा जयंती के अवकाश के दिन शपथ ग्रहण समारोह होगा। यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिला पंचायत परिसर में नहीं होगा, बल्कि लखीराम आडिटोरियम में समारोहपूर्वक जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य शपथ ग्रहण करेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव समेत जिले के सभी विधायक भी अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला पंचायत स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

**भाजपा के बनें हैं अध्यक्ष व उपाध्यक्षः** जिला पंचायत में कुल 17 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं। इन्हीं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए 8 मार्च को चुनाव हुआ था, जिसमें एक वोट के अंतर से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के राजेश सूर्यवंशी कांग्रेस के सतकली बावरे से चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनें हैं। इसी तरह भाजपा के ही ललिता कश्यप दो वोट के अंतर से कांग्रेस की स्मृति श्रीवास से जीतकर उपाध्यक्ष बनीं है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के राजेश को 9 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के सतकली को 8 वोट ही मिलें और उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ललिता कश्यप को 9 वोट मिले, किन्तु कांग्रेस के स्मृति श्रीवास को केवल 7 वोट ही मिल पाया था। इस तरह संघर्षपूर्ण इस चुनाव में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों ही पद भाजपा के झोली में गए हैं।

### लखीराम आडिटोरियम में होगा शपथ ग्रहण समारोह

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण होना है। शपथ ग्रहण की तिथि 25 मार्च फाइनल हो गई है और शपथ ग्रहण समारोह लखीराम आडिटोरियम में होना है।

-संदीप अग्रवाल, सीईओ, जिला पंचायत

## शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हड़ताल आज से

**बिलासपुर।** मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने का आरोप लगाते हुए पंचायत सचिव अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जा रहे हैं। जिले के पंचायत सचिव प्रदेश पंचायत सचिव के बैनर तले विधानसभा का घेराव करने सोमवार को रायपुर गए थे।

पंचायत सचिव संघ की पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की पुरानी मांग है, जिसे लेकर पंचायत सचिव फिर से आंदोलन की ओर रूख कर रहे हैं। प्रदेश पंचायत सचिव के आह्वान पर सोमवार को विधानसभा का घेराव रखा गया था, जिसमें शामिल होने जिले से बड़ी संख्या में पंचायत सचिव रायपुर गए थे। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निपटते ही पंचायत सचिवों ने मोदी की गारंटी याद दिलाते हुए शासकीयकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था। पंचायत सचिव संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है, जिसके तहत 17 मार्च को विधानसभा का घेराव तथा 18 मार्च को ब्लॉक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इसके बाद 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। पंचायत सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था।

- विस घेराव करने सोमवार को रायपुर गए थे सचिव

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण ने प्रधानमंत्री के 30 मार्च के मोहभट्ठा, जिला बिलासपुर प्रवास को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रधानमंत्री के प्रवास प्रोटोकॉल (ब्लू बुक) के अनुरूप दायित्व सौंपकर 27 मार्च तक कार्यपूर्णता प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है।

आदेशों के अनुसार डीएफओ को मांग के अनुरूप बैरिकेडिंग के लिए पर्याप्त मात्रा में बांस, बल्ली की व्यवस्था करना, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग एवं हेलीपेड के आस-पास मधुमक्खी के छत्ते को हटाने एवं पेड़ों की छटाई की व्यवस्था करना तथा जीव जन्तुओं, सर्प आदि से सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की जवाबदारी सौंपी गई है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग क्रमांक एक एवं दो को सुरक्षा मानकों के अनुरूप मंच, हेलीपेड, ग्रीन रूम, सेफ हाऊस, बैरिकेडिंग, पण्डाल, डोम एवं उपयुक्तता तथा सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना, कार्यक्रम स्थल हेलीपेड स्थल तथा पार्किंग में बैरिकेडिंग का कार्य सुनिश्चित करना है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी को कार्यक्रत स्थल में लगाये गये माईक, साउण्ड, पॉवर बैकअप एवं विद्युत व्यवस्था की जांच कर सुरक्षा मानकों के अनुरूप माईक/साउण्ड एवं विद्युत व्यवस्था करना है। अधीक्षण यंत्री एवं कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग को निर्बाध गति से विद्युत संचालन की व्यवस्था, विद्युत लाईन का रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ को मानक अनुरूप एम्बुलेंस एवं मय चिकित्सा दल सहित उपलब्ध कराना है। जिला सेनानी होम गार्ड को सभी हेलीपेड, मंच, पार्किंग एवं आम जन के क्षेत्र में आवश्यकतानुसार अग्निशमन की व्यवस्था कराना, ईई पीडब्ल्यूडी विभाग से समन्वय कर सम्पूर्ण पण्डाल में फायर रिटाडिंग स्प्रे सुनिश्चित कराना।



### सियाराम समेत ब्लाक अध्यक्षों ने पीसीसी अध्यक्ष से की शिकायत

# पूर्व विधायक ने लगाए राजेन्द्र पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला पर राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते पार्टी को लगातार पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व विधायक श्री कौशिक समेत ब्लॉक अध्यक्ष गीताजंलि कौशिक एवं लक्ष्मीनाथ साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर राजेन्द्र शुक्ला के खिलाफ शिकायत की है।



जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के बीच एक वोट का अंतर रहा। अध्यक्ष के उम्मीदवार को आठ वोट मिले और उपाध्यक्ष प्रत्याशी के हिस्से में महज सात वोट ही आए। एक वोट को लेकर अब भी कांग्रेस में मंथन चल रहा है। उपाध्यक्ष के चुनाव में हुए क्रास वोटिंग को लेकर संगठन भी गंभीर नजर आ रहा है। राजेंद्र शुक्ला की महत्वाकांक्षा से कांग्रेस पार्टी को फिर से एक बार गहरा आघात लगा है। मंथन के इस दौर में बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक और दो ब्लाक अध्यक्षों लक्ष्मीनाथ शाहू एवं गीतांजलि कौशिक का लेटर बम फूटा है। चुनाव के दौरान चले सियासी घटनाक्रम के साथ ही तीन दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला की राजनीतिक गतिविधियों को ना केवल संदेहास्पद बताया है साथ ही यह भी कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को पूरी तरह खत्म करने की साजिश इनके द्वारा की जा रही है। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज को लिखे पत्र में साफ कहा है कि बीते कई वर्षों से राजेंद्र शुक्ला संगठन से अलग विधानसभा क्षेत्र में अपना अलग गुट बनाकर सामानांतर काम कर रहे हैं। इस आरोप के पीछे पूर्व विधायक ने बीते दिनों की राजनीतिक घटनाक्रमों का जिक्र किया है।

### सभी ने कहा की है शिकायत

इन शिकायतों के संबंध में पूछे जाने पर बिल्हा विधानसभा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को शिकायत करने की बात स्वीकार की है। इसी तरह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गीताजंलि साहू ने नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने के संबंध में शिकायत करने की बात कही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने भी नगरीय निकाय चुनाव में उनके ब्लाक वार्डों से राजेन्द्र शुक्ला के समर्थकों द्वारा पार्टी के खिलाफ चुनाव में काम करने की शिकायत मिलने पर पार्टी में शिकायत करने की बात स्वीकारी है।

## एयू ने वार्षिक परीक्षा का परिणाम किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 1 मार्च से प्रारंभ हुई वार्षिक परीक्षा 11 मार्च तक चली। वार्षिक परीक्षा जारी करने वाल एयू प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है।

- वार्षिक परीक्षा जारी करने वाला एयू बना प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय ने सतर्कता बरतते हुए 1 मार्च से वार्षिक परीक्षा का प्रारंभ किया था, जो 11 मार्च तक चली। इसके बाद होली की छुट्टी लग गई। 20 मार्च से बचे हुए विषयों की परीक्षा फिर से शुरू हो रही है। इसी अवधि के बीच 1 से 11 मार्च तक जो परीक्षाएं हुई है, उन सभी परीक्षा परिणाम एयू ने घोषित कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार विवि ने स्नातकोत्तर, फिलासफी और बीएससी होम साइंस के साथ में डिप्लोमा कोर्सेज के भी परिणाम जारी किए हैं, जिसमें बीएससी होम साइंस सेकंड ईयर और फाइनल ईयर, एमए फिलासफी फ़र्स्ट ईयर और फाइनल ईयर, पीजीडीबीएम, पीजीडीआईबी आदि शामिल है।



मालूम हो कि छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए गए एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार एयू ने परीक्षा लेना शुरू कर दिया था। परंतु बीच में होली आने के कारण छुट्टी दी गई ताकि विद्यार्थी होली का त्योहार अच्छे से मना सके। जो परीक्षा होली से पहले शुरू हुई थी। उन सभी के परीक्षा परिणाम भी अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय ने घोषित कर दिए हैं।

17- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/17/2025 11:56 PM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



ग्राम रहंगी में चल रहे ब्रिज संवाद व संत समागम के दूसरे दिन सोमवार को सुबह श्री झूलेलाल मंदिर में संत लाल सांई ने विधि विधान से ध्वज वंदन किया गया। साउथ से आए हुए पंडितों ने पूजा-अर्चना और हवन कराया। वृंदावन से आईं देवी चित्रलेखा ने कहा कि भक्ति में चमत्कार नहीं प्रभु की कृपा होती है।

### बृज संवाद, संत समागम में दक्षिण से आए पंडितों ने कराया हवन

# भक्ति में चमत्कार नहीं, प्रभु की होती है कृपा : देवी चित्रलेखा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन दिवसीय इस आयोजन में देवी चित्रलेखा सत्संग, कीर्तन व भक्ति से लोगों को कथा का रसपान करा रही है। इससे माहौल भक्तिमय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि लोग आज भी वृंदावन आने के लिए तरसते हैं। भगवान की इच्छा के बिना कोई अपनी मर्जी से वृंदावन नहीं आ सकता है। जब उसकी मर्जी हो जाएगी तब उसे कोई रोक भी नहीं सकता है। वृंदावन जाकर कोई अच्छा कार्य करता है तो उसे 10 फायदे होते हैं। इसका एक दूसरा पहलू भी है। यदि कोई पाप करता है तो उसका उसे उतना ही दंड भी 10 बार भुगतना पड़ता है, इसलिए वृंदावन में आकर पाप करने की कभी सोचना भी मत क्योंकि वह भक्ति का केंद्र है। वहां कोई धन दौलत नहीं सिर्फ भक्ति ही चलेगी। सच्चे मन से श्याम सुंदर व राधा कृष्ण का दर्शन करें। वहां कण-कण में राधा-कृष्ण के अवशेष मिलेंगे। उनकी रास लीला, नटखट बाल लीला और कई सारी ऐसी बातें हैं जिनका वर्णन यहां नहीं वहां आने के बाद ही समझ में आएगा। आज भी वृंदावन में सच्चे भक्त हैं, उनको प्रभु के दर्शन जरूर होते हैं। किसी न किसी रूप में प्रभु उन्हें जरूर दर्शन देते हैं। यह हम जैसे लोगों को समझ में नहीं आएगा जब भक्ति के रस में डूब जाओगे तो खुद ही श्याम सुंदर के दर्शन हो जाएंगे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप, सिंधी महिला मंडल चक्करभाटा के सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

### भक्तिपूर्ण माहौल ने जोड़ा धर्म से

घर में भक्तिपूर्ण माहौल होने से देवी चित्रलेखा मात्र 4 साल की उम्र से धर्म से जुड़ी है। 7 साल की उम्र से भजन, कृष्ण कथा करना आरंभ कर दी थी। उन्हें अपने गुरु व बड़ों का आशीर्वाद मिला जिससे वह आगे बढ़ती गई। आज भी वह जो दिल में है, वही प्रभु की भक्ति में करती है और सभी लोगों को भक्ति मार्ग से जोड़ती है। उन्होंने अपने बचपन की बातें भी साझा की। सत्संग कीर्तन के बीच-बीच में कई भक्ति भरे भजन के माध्यम से लोगों को मंत्र मुग्ध किया।

### इन्होंने लिया श्रवण लाभ

सोमवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक मुंगेली पुन्नू लाल मोहले, भाजपा छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी सहित कई समाज प्रमुखों ने देवीजी का स्वागत कर श्रवण लाभ लिया। अतिथियों का संत सांई लाल दास ने भी सम्मान किया।

## होली उत्सव पर फाग व नगाड़े की थाप पर लोग ले रहे आनंद

शहर के होली मिलन कार्यक्रम में फाग मंडलियों द्वारा फाल्गुन गीतों पर नगाड़ा व मंजीरा के ठाप पर विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जा रहा है। इस उत्सव में अबीर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दे रहे है।




### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के होली मिलन में बैसवारी फाग पर झूमे लोग

**बिलासपुर**। इमलीपारा में स्थित कान्यकुब्ज भवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला एवं कुलपति एडीएन बाजपेयी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समाज की बैसवारी फाग में बैठकर मंजीरा, झांझर बजाकर आनन्द लिया।

अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित एवं महिला अध्यक्ष डॉ. आरती पान्डेय ने स्वागत उद्बोधन दिया व समाज के कार्यों से अवगत कराया। अमर अग्रवाल ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जिसे पूरे आनन्द के साथ मनाया जाता है। इसके साथ फाग का आनन्द तो वास्तव में मैंने आज सुना, देखा और महसूस किया है। विधायक सुशान्त ने कहा कि ब्राम्हण समाज सदैव अग्रणी समाज रहा है, इसमें कान्यकुब्ज समाज की भूमिका नगर में प्रशंसनीय है।

अटल विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने उत्तर प्रदेश के बैसवारा क्षेत्र की जानकारी दी एवं कहा कि बैसवारी फाग इसी क्षेत्र से शुरू हुई, जिसका स्वरूप कई प्रदेशों में अपने अपने ढंग का है। उन्होंने कहा कि हमें समाज के लिए सदैव योगदान देते रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर के कान्यकुब्ज समाज की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक पं. राम प्रसाद शुक्ल को कान्यकुब्ज शिरोमणी सम्मान से सम्मानित किया गया।

समाज के वरिष्ठजनों में सरला तिवारी, कालिका प्रसाद मिश्रा, रामनारायण पान्डेय के साथ समाज के सीए अमित शुक्ला व अधिवक्ता अमित बाजपेयी का सम्मान भी किया गया। नवनिर्वाचित ब्राम्हण पार्षदों में अमित तिवारी, रेखा ओमप्रकाश पान्डेय, सीमा राजेश शुक्ला एवं अंचल दुबे व ममता अमित मिश्रा का भी सम्मान किया गया। फाग में सक्रियता से भाग लेने वाले बच्चों में स्नेहिल शुक्ला, अमन शुक्ला, अनिमेष उपाध्याय, शिवांश व दिव्यांश शुक्ला, अर्नव मिश्रा, अनमोल तिवारी, त्रिशिर दीक्षित, सौम्य दीक्षित, ओंकार तिवारी को सम्मान पत्र दिया गया।

इस मौके पर शिवा मिश्रा, योगेश शरद तिवारी, रितेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, विमलेश बाजपेयी, विद्याधर बाजपेयी, राम नारायण तिवारी, विक्रान्त तिवारी, आशीष शुक्ला, गोपाल मिश्रा, अशोक मिश्रा, आशीष बाजपेयी, शिव कुमार बाजपेयी, आरके तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### विवेकानंद लाफ्टर क्लब का होली मिलन



विवेकानंद लाफ्टर क्लब के सदस्यों द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम हुआ। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की एक दूसरे को बधाई दी। होली के गीतों पर प्रीति, रीता, नीलू, संध्या, काजल, पुष्पा, आशा ने जमकर डांस किया। सभी सदस्यों ने भाई चारे और एकता का संदेश देते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल भेंट किया। क्लब की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। संरक्षक जीएल अग्रवाल, नारायण आवटी, रमेश श्रीवास्तव, विजय वर्मा, हरि बुधिया, महेश पमनानी, रंजना दीक्षित, किशोरी साहू, अध्यक्ष किशन लाल चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष डॉक्टर सुदेश वर्मा, सचिव मनसुख लाल देवांगन, महिला संयोजिका सविता देवांगन, महिला सचिव नलिनी वर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल काले, शिवचरण जैन, अंजनी काले, राघवेंद्र सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव गायत्री चतुर्वेदी, इंदु गुप्ता, शकुंतला देवांगन, संगीता केशरवानी, गायत्री तिवारी मौजूद थे।

### बाल कलाकार के गीतों पर झूमे लोग



एनएचआईसीएफ और छत्तीसगढ़ प्रखर पत्रकार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में ईदगाह चौक स्थित प्रेस ट्रस्ट भवन में रंगारंग महामूर्ख सम्मेलन और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक को मूर्खाधिराज की उपाधि से सम्मानित किया गया। समाज सेविका डॉ. उज्जवला कराडे को मुर्खेश्वरी और शिवसेना नेत्री रेवती यादव को मुर्खरानी की उपाधि से नवाजा गया। कवियित्री सोमप्रभा तिवारी ने श्रृंगार रस से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। कवि सुरेश पैगवार, राकेश श्रीवास और राजेंद्र कश्यप ने हास्य व्यंग्य कविताएं सुनाई। उदीयमान बाल कलाकार मास्टर तनिष्क वर्मा के गीतों ने सभी को झूमने मजबूर कर दिया। लाफ्टर क्लब के सुरेश अग्रवाल और उनकी टीम ने जोरदार ठहाके लगाए।

### रिटायर्ड इंजीनियर संघ ने खेली फूलों की होली



मां वैष्णो धाम नगोई में फ़ोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ जिला समिति का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, इं संजय शर्मा द्वारा सर्व समाज के लिए एक शव वाहन एवं डीप फ्रीजर दिए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसका सभी ने स्वागत किया,इं संजय शर्मा,इं आर पी शुक्ला, इं शिशिर वर्मा, निशि भांबरी, इं तापस मजूमद,साधना शर्मा द्वारा इक्कीस हजार की सहयोग राशि की घोषणा मंच से की गई। सभी साथियों ने गुलाल व फूलों से होली खेल कर एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में इं राजीव नयन शर्मा, सिद्धेश्वर पाटनवार, आर पी शुक्ला, राजेश दीक्षित,राम सिंह राठौर,संजय शर्मा, एम एस राजपूत, शिशिर वर्मा, डी पी दुबे, एस एस नायक, एस भांबरी , द्वारिका सिंह क्षत्री, डी पी पाठक, इस बी बरेठ, आदि उपस्थित रहे।

**भ्रमण**

### शुद्ध वातावरण मन-मस्तिष्क के लिए संजीवनी का काम करता है



**बिलासपुर**। शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक विकास के उद्देश्य से पंजाबी समाज के लोगों ने घोंघा जलाशय में पिकनिक मनाया। पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था के इस अनूठे संयुक्त आयोजन में संस्था के 60 से भी अधिक महिला-पुरुष सदस्यों व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष अशोक ऋषि ने बताया कि शहर से दूर ग्रामीण इलाके में घोंघा जलाशय और उसके आसपास का शुद्ध वातावरण हमारे मन-मस्तिष्क के लिए संजीवनी का काम करता है। इस आदर्श लोकेशन के मनोरम प्राकृतिक दृश्य सहज ही आकर्षित करते हैं। पंजाबी समाज पर्यावरण चेतना के साथ-साथ आपसी सद्भाव तथा पिकनिक कार्यक्रम में कोरी डैम के भ्रमण के साथ-साथ खेल-कूद व गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया। पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने कहा कि इस पिकनिक प्रोग्राम ने महिला सदस्यों में असीम उत्साह और नई उमंग का संचार किया है। संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि, महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ के अलावा हेमचंद ऐरी, सौरभ कोहली, रवि खन्ना, अनुज त्रिहान, गौरव ऐरी, नितिन भसीन, राजेश दुआ सहित अन्य सदस्य-गण मौजूद थे।

**धर्म-क्षेत्र**

### संकष्टी चतुर्थी पर 609 भक्तों ने कराया अभिषेक



**बिलासपुर**। राम मंदिर तिलकनगर में सोमवार को संकष्टी चतुर्थी पर 609 भक्तों ने अभिषेक कराया।

**भगवान का श्रृंगार चिरंजीव अर्णव की ओर से हुआ**



भगवान का श्रृंगार चिरंजीव अर्णव बाजपेयी ने कराया। पूजन का कार्य आचार्य मधूसूदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया।

**स्पोर्ट्स**

### बिलासपुर के फिरकी गेंदबाजों ने प्लेट कंबाइंड को 164 रनों पर रोका

**बिलासपुर**। स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें आज बिलासपुर ने अपना पहला मैच दल्लीराजहरा के मैदान में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेलने उतरी। जिसमें बिलासपुर ने



टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40.5 ओवर में 162 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। प्लेट कंबाइंड की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रोहन टांक ने 41 रन, हर्ष साहू ने 30 रन का योगदान दिया । बिलासपुर की ओर से फिरकी गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक और मोहित रावत ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किया मयंक यादव को दो विकेट प्राप्त हुए। इसके पश्चात बिलासपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल खत्म होते तक 41 ओवर में पांच विकेट खोकर 143 बना लिए हैं । बिलासपुर को प्लेट कंबाइंड से बढ़त बनाने के लिए अभी भी 19 रनों की और आवश्यकता है। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद इरफान 44 रन पर नाबाद खेल रहे हैं इसके अलावा अभिजीत तह ने 33 रनों का योगदान दिया और ओम वैष्णव नाबाद 10 रन खेल रहे हैं प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ मजूमदार ने दो विकेट प्राप्त किया।

### शास्त्री क्लब चकरभाटा ने डोलोमाइट कप किया कब्जा




हिर्री माइंस डोलोमाइट कप फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में शास्त्री क्लब चकरभाटा ने अयांस क्लब बिलासपुर को एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराकर डोलोमाइट कप पर कब्जा किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक सह खदान प्रबंधक सोमनाथ कुमार सिंह थे। इस अवसर पर राजेश सिंह बिसेन, राणा रंजीत सिंह, पार्थो चटर्जी, पिंटू चटर्जी, संतोष सेन, लक्ष्मी प्रसाद काटले-सरपंच रहँगी, राधिका कौशिक - सरपंच छतौना, एवं भारी संख्या मे दर्शक गण उपस्थित थे।

### माता शबरी नवीन कन्या पी.जी. महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

# सफल उद्यमी बनने अपनी क्षमताओं को पहचानें

**कार्नर न्यूज**

**बिलासपुर**। शासकीय माता शबरी नवीन कन्या पी.जी. महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला सफल उद्यमी कैसे बनें भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करना, उद्यमिता कौशल को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोज़गार एवं वित्तीय सहायता योजनाओं से अवगत कराना था। जिससे वे अपने भविष्य को नए आयाम दे सकें।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सीजी मार्ट की संस्थापक स्मृता शर्मा ने अपने जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा साझा करते हुए बताया कि संकट के समय भी अवसरों को पहचानने की क्षमता ही एक सच्चे उद्यमी की पहचान होती है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कोरोना महामारी के विकट समय में उन्होंने अपनी संकल्पशक्ति, आत्मविश्वास और अथक परिश्रम के बल पर सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने अपने घर में पड़े स्वर्ण आभूषणों को गिरवी रखकर उससे प्राप्त धनराशि से अपने स्वप्न को साकार करने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया। प्रारंभ में उनका कार्य राशन एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आपूर्ति तक सीमित था, जिसे वे स्वयं स्कूटी व ऑटो से घर-घर पहुंचाती थीं। उनके छोटे बच्चे थे, पारिवारिक जिम्मेदारियां थीं लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक सशक्त नारी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। जब आप अपनी क्षमताओं को पहचान लें, तो दुनिया की कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से शोभा महेश्वर, डॉ. शशिकला सिन्हा, बेला महंत, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. दीपक शुक्ला, अनुपमा तिर्की, डॉ.ईशा बेला लकड़ा, आर. के. पटेल आदि सम्मिलित थे।





### स्वावलंबन ही सशक्तिकरण का वास्तविक स्वरूप

उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा प्रदान की गई मुद्रा लोन योजना का लाभ उठाया। आज उनकी मेहनत और लगन से 25 महिलाओं को रोज़गार मिला है। उन्होंने अपने घर को ही अपने कार्यस्थल में बदल दिया है और प्रत्येक कार्य स्वयं के बलबूते करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति केवल घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं है। वह जब चाहे अपने परिश्रम और संकल्पशक्ति के बल पर सफलता की ऊँचाइयों को छू सकती है। महाविद्यालय के प्राचार्य के. के. भंडारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वावलंबन ही सशक्तिकरण का वास्तविक स्वरूप है। जब एक नारी अपने पैरों पर खड़ी होती है, तो वह न केवल स्वयं को बल्कि अपने परिवार और समाज को भी समृद्ध बनाती है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाविद्यालय की ही एक छात्रा ने मात्र 50 रुपये की पूंजी से व्यवसाय प्रारंभ कर आज 1 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवर प्राप्त कर लिया।

### योजनाओं की दी जानकारी

प्रभारी डॉ. आरती सिंह ठाकुर ने छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिनका लाभ उठाकर वे अपने व्यवसाय को आरंभ एवं विकसित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, जिनके माध्यम से महिलाएं न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त कर अपने उद्यम को साकार कर सकती हैं। योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब हम उन्हें अपनाकर जीवन को नई दिशा देते हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक गुरु अपने शिष्य को सही दिशा दिखाकर उसे सफलता के शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ठीक उसी प्रकार जैसे एक कुशल कुम्हार मिट्टी के घड़े को आकार देता है। जब तक मिट्टी में लचीलापन और सही मार्गदर्शन न मिले, तब तक वह उत्कृष्ट कृति में परिवर्तित नहीं हो सकती।

17 MARCH- BSP-PG-4_Layout 1 3/17/2025 11:33 PM Page 1





# जॉन अब्राहम की फिल्म ने लगाई छलांग...

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' ने रिलीज होते ही कमाल दिखाना शुरू कर दिया है। होली के दिन रिलीज हुई इस पॉलिटिकल-थ्रिलर ने पहले ही दिन अपनी कमाई से चौंका दिया था। इसने उम्मीद से बेहतर परफॉर्म करते हुए 4 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज से पहले 'द डिप्लोमैट' को लेकर कोई खास बज नहीं था, और ना ही इसे बढ़ा-चढ़ाकर प्रमोट किया गया। इस हिसाब से देखा जाए, तो इसने बढ़िया ओपनिंग की, और दूसरे दिन भी कमाल दिखा दिया। 'द डिप्लोमैट' को दूसरे दिन सुबह के शोज में 7.08% दर्शक मिले, लेकिन शाम और रात के शोज में यह आंकड़ा बढ़कर 27.65% पहुंच गया।

लाइफ Style

# राशा

## मां रवीना संग 'उई अम्मा' पर किया डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साल 2025 स्टार किड राशा थडानी के लिए काफी रोमांचक साल रहा है। अपनी मां रवीना टंडन के नक्शेकदम पर चलते हुए राशा ने इस साल की शुरुआत में 'आजाद' से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपने ट्रैक 'उई अम्मा' पर पूरे देश को नचाया, जिसमें उनकी सबसे अच्छी दोस्त तमन्ना भाटिया भी शामिल थीं।

राशा ने महाकुंभ की यात्रा करने से पहले अपने 12वें ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। अब वो अपने बर्थडे को खास तरीके से मना रही हैं। राशा ने 2025 में अपना 20वां जन्मदिन मनाया। स्टार किड ने अपनी खूबसूरत मां के साथ खूबसूरत काले रंग की ड्रेस पहनकर डांस भी किया। एक बार फिर, राशा थडानी ने अपने पहले से ही चार्टबस्टर हिट गाने 'उई अम्मा' पर डांस फ्लोर पर धूम मचा दी। अपनी बर्थडे पार्टी के एक अनदेखे वीडियो में उन्होंने एक केक काटा और फिर रवीना के साथ डांस किया। बर्थडे गर्ल ने अपने अच्छे दोस्त और 2025 की फिल्म के एक्टर वीर पहाड़िया को केक खिलाया, वहीं बैकग्राउंड में राशा के गाने पर रवीना टंडन ने अपने मूव्स से सभी को चौंका दिया। स्काई फोर्स के एक्टर वीर के अलावा, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और तमन्ना भाटिया भी मेहमानों की लिस्ट में शामिल थे। राशा की बर्थडे पार्टी के ये अनदेखे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के तुरंत बाद, बहुत से फैंस ने बर्थडे गर्ल पर प्यार और आशीर्वाद बरसाया। लेकिन ज्यादातर लोग रवीना की सदाबहार खूबसूरती और चमक को देखकर दंग रह गए।



हॉलीवुड मसाला



# नाबालिग को डेट करने का आरोप

**नई दिल्ली।** साउथ कोरिया के मशहूर एक्टर किम सू ह्यून का नाम इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। कोरियन ड्रामा देखने वाले उन्हें बखूबी जानते होंगे। इस बार एक्टर अपने किसी अपकमिंग ड्रामा की वजह से नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में 37 साल के एक्टर पर आरोप लगा है कि उन्होंने 15 वर्षीय किम से रोन को डेट किया था। किम से रोन के बारे में बता दें कि एक्ट्रेस को 16 फरवरी के दिन उनके घर पर मृत पाया गया था।

# रैना को फिर लगा झटका दिल्ली में 2 शोज कैंसिल...

मुंबई। कॉमेडियन समय रैना को 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बीच एक और झटका लगा है। उनके 21 और 23 मार्च 2025 को दिल्ली में होने वाले शो को अब कैंसिल कर दिया गया है। 'अनफिल्टर्ड' नाम के इस शो की एडवांस बुकिंग पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसे रद्द कर दिया गया है। मैसेज में लिखा था, 'शुक्रवार 21 मार्च 2025 (या रविवार 23 मार्च 2025) को शाम 7:00 बजे तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में होने वाला आपका समय रैना अनफिल्टर्ड - तालकटोरा स्टेडियम शो रद्द कर दिया गया है। असुविधा के लिए खेद है। हमने राशि के लिए रिफंड प्रोसेस कर दिया है... रिफंड 7 से 10 वर्किंग डे में दिखाई देना चाहिए।' हालांकि, आयोजकों ने प्रोग्राम कैंसिल करने के पीछे का सटीक कारण नहीं बताया है और 'समय' ने भी अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।





# लड़के के आंख मारने पर बौखलाईं...

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा एक कमाल की डांसर हैं जो अक्सर अपने डांस मूव्स से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। वो फिलहाल टीवी शो 'हिप हॉप इंडिया' के दूसरे सीजन को जज कर रही हैं। अपनी शानदार टाइमिंग के लिए जानी जाने वाली मलाइका हर वक्त लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा हुआ जिसके बारे में बात करके वो गुस्सा हो गईं। वायरल हो रहे वीडियो में मलाइका अरोड़ा एक 16 साल के लड़के को डांस शो के दौरान डांस करने और उनको आंख मारने के लिए डांटती नजर आ रही हैं। उन्होंने लड़के से ये भी कहा कि वो उसकी मम्मी को फोन करेंगी। उनके रिएक्शन ने तुरंत सबका ध्यान खींच लिया। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा- उसका ऐज कहना जायज नहीं था कि उसकी उम्र ही क्या है अभी।



# सनी की फिल्म रि-रिलीज में मचाएगी गदर

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार सनी देओल की मूवीज को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। गदर 2 की अपार सफलता के बाद सनी आने वाले समय में फिल्म जाट में दिखाई देंगे, जिसका ट्रेलर कुछ दिन बाद रिलीज किया जाएगा। लेकिन जाट से पहले सनी पाजी एक पुरानी फिल्म को री-रिलीज किया जाएगा, जो अपने समय में ब्लॉकबस्टर रही थी। 2023 में निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म गदर 2 की अपार सफलता से सनी देओल ने सिनेमा जगत में जोरदार कमबैक किया। इस बीच सनी ने अपनी एक पुरानी फिल्म की री-रिलीज की घोषणा इंस्टाग्राम पर कर दी है। दरअसल उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म घातक को रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के दौरान सिनेमाघरों में दोबारा से रिलीज किया जाएगा। 21 मार्च को घातक बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# शर्मनाक! इंडियन आइडल की स्क्रिप्ट देख हैरान हुए फैंस...

स्क्रिप्ट देख हैरान हुए फैंस...
मुंबई। रियलिटी शो की प्रामाणिकता के बारे में संदेह लंबे समय से मौजूद हैं। अब हाल ही में सोशल मीडिया यूजर्स को इसका प्रमाण भी मिल गया। रेडिट पर पोस्ट की गई एक पोस्ट से इस बात की पुष्टि हुई है। इंडियन आइडल 15 के लेटेस्ट होली स्पेशल एपिसोड के दौरान तेज-तर्रार नजरों वाले रेडिटर्स ने एक गलती पकड़ने में जरा सा भी समय नहीं लगाया। दरअसल सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है जिसमें शो में गेस्ट के तौर पर आईं जज हेमा मालिनी को शो की पूरी स्क्रिप्ट पकड़े हुए देखा गया। पोस्ट में शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में हेमा मालिनी को सफेद साड़ी पहने, हाथ में स्क्रिप्ट पकड़े हुए देखा गया। इस पूरे मामले में जिस बात ने सभी का ध्यान खींचा, वह यह थी कि स्क्रिप्ट केवल एक मोटा खाका नहीं था - इसमें देवनागरी में लिखी गई उनकी सटीक पंक्तियां थीं।



# तमन्ना-विजय का नहीं हुआ ब्रेकअप

**मुंबई।** बॉलीवुड की एक जोड़ी टूट गई। कहा जा रहा है कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अब साथ नहीं हैं। दोनों ने रवीना टंडन की होली पार्टी तो अटेंड की, लेकिन कहीं भी साथ में पोज नहीं दिया। दो साल का रिश्ता हफ्तेभर पहले खत्म हो गया! खैर, दोनों की तरफ से अभी तक इस पर रिएक्शन नहीं आया है, लेकिन तमन्ना को हाल ही में विजय के एक सामान के साथ देखा गया, जिसके बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तमन्ना रविवार रात को राशा थडानी की बर्थडे पार्टी में शामिल हुईं। उन्हें ब्लैक वन पीस और ब्लैक एंड व्हाइट स्ट्राइप्ड कोट पहने देखा गया। वैसे तो एक्ट्रेस हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थीं, लेकिन नेटिजन्स ने नोटिस किया कि उन्होंने विजय वर्मा का कोट पहना हुआ है। देखते ही देखते सोशल मीडिया पर कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई। कुछ लोग ये भी अनुमान लग रहा हैं कि इसका मतलब ये है कि इनका ब्रेकअप नहीं हुआ है!



# 30 दिन में वर्ल्डवाइड 750 करोड़ पार

*मुंबई। विक्की कौशल की 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम नहीं ले रही है। रिलीज के 1 महीने बाद भी फिल्म हर रोज करोड़ों कमा रही है। ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में विक्की कौशल का जादू बरकरार है। 'छावा' पर्दे पर आने के एक महीने बाद भी हिट फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ रही है और नए आयाम रच रही है। 'छावा' ने अब वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 750 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 30 दिनों की कमाई के साथ विक्की कौशल की फिल्म ने कुल 750.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। वहीं 31वें दिन फिल्म ने भारत में 8 करोड़ रुपए कमाए और अगर इस कलेक्शन को जोड़ दिया जाए तो 'छावा' का कुल कलेक्शन 758.5 करोड़ हो जाता है। विक्की कौशल ने 'छावा' के महीने भर के शानदार कलेक्शन के साथ रजनीकांत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साउथ सुपरस्टार के खाते में वर्ल्डवाइड 10वीं सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म का रिकॉर्ड था। रजनीकांत की 2018 में रिलीज हुई फिल्म 2.0 ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 744.78 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था।*



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/ कार्यालय/ रा.नि./क्यू/2025
कोनी/ दिनांक 17/03/2025
(1) श्रीमती मंजू शर्मा पति राजकुमार शर्मा (2) आरना कंस्ट्रक्शन (3) भगवान सिंह (4) हरप्रीत ढिंगरा
विषय- सीमाकंन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम मोहतराई प.ह.नं. 21 राजस्व निरीक्षक मंडल- कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 959/3 रकबा क्रमशः 0.0385 हे. के सीमाकंन हेतु छ.ग. भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर को न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/04/2025 को समय 11.00 से 5.00 बजे को किया जाना है अंत: आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**राजस्व निरीक्षक**
**कोनी**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**
प्रो.क्र.-
प्रकरण क्र.-166/2024
पेशी तारीख-24/03/2025
मंगतीन बाई...वादी **विरुद्ध**
मीना जैन वगैरह...प्रतिवादीगण
बनाम :- 1. मीना जैन पति राजकुमार जैन उम्र 60 वर्ष, निवासिनी-लक्ष्मी टॉकीज के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. धनी सिंह पिता आर.पी. सिंह उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम रसौटा, थाना पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 3. घनश्याम प्रसाद आ. बलदाऊ प्रसाद शुक्ला उम्र 65 वर्ष निवासी बंधवापारा, अरविंद नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. आकांक्षा बिल्डर्स द्वारा, ओ.पी. मिश्रा पिता आर. जी. मिश्रा निवासी-चांटीडीह, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. संगीता दीक्षित पति एस. के. दीक्षित उम्र 60 वर्ष निवासिनी-ग्राम धनपुरी, चांटीडीह, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
वादिनी की ओर से आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 2 (क) व्य. प्र. संहिता वास्ते अस्थायी निषेधाज्ञा के परिपालन कराये जाने बाबत आवेदन पत्र माननीय न्यायालय में पक्षकार मंगतीन बाई विरूद्ध भीना जैन वगैरह प्रकरण क्र. 166/2024 पेश किया गया है। उपरोक्त प्रतिवादीगण को इस समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस/समंस का प्रकाशन कर सूचित किया जा रहा है, इस प्रकरण में दिनांक 24/03/2025 को इस न्यायालय में 11.00 बजे दिन को स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 24/03/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाती है तो उसके अगले दिवस के अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
**(कु. शोआ मंसूर)**
**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**
**कार्यालय राजस्व निरीक्षक डिन्डौरी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
प्रति, 1. बुधवार 2. मालिकराम 3. उमेश सिंह 4. गजेन्द्र 5. परसु 6. नरबद
विषय: सीमांकन/ स्थल जांच/ नक्शा बटांकन के संबंध में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ: न्याया. नायब तहसीलदार तहसील लोरमी के आदेश क्रमांक/262/वाचक/ तह./2025 लोरमी, दिनांक 07.03.2025
उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि संदर्भित आदेशानुसार आवेदक निरंजन सिंह पिता छत्रधारी पिता छत्रधारी जाति ठाकुर निवास नवागांव दयाली की ग्राम नवागांव दयाली प.ह.नं. ..... रा.नि.मं. डिंडौरी तह. लोरमी ... स्थित भूमि खसरा नंबर 63/8 शामिल 63/3 रकबा 1.777 हे. का सीमांकन/ स्थल जांच/ नक्शा बटांकन दिनांक 22.04.2025 को किया जाना है।
अत: आप मौके पर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें।
**राजस्व निरीक्षक**
**डिंडौरी, तह. लोरमी**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202501070800091/अ-6/ 2024-25
ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती भगवती चौरसिया पति श्री महेन्द्र चौरसिया निवासी पुराना काशीनगर, पोस्ट रविग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बेलसरी प.ह.न. 28 रा.नि.म. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 333/6 रकबा 0.1620 हे. स्थित है। उक्त वादभूमि को आवेदिका के पिता रामकुमार महोबिया पिता स्व. श्यामसुंदर महोबिया ने आवेदिका एवं श्रीमती रत्नावली महोबिया, श्रीमती गायत्री महोबिया, श्रीमती शारदा थवाईत पिस. रामकुमार महोबिया के द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06.11.2020 के माध्यम से प्रदान किया है। आवेदिका के द्वारा वादभूमि से वर्तमान खातेदार के नाम को विलोपित करते हुये पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका एवं उनकी बहनों के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 26.03.2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.03.2025 को जारी किया जाता है।
**तहसीलदार**
**तखतपुर**

**आम सूचना**
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम घुरू, प.ह.न. 61, रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, वि.ख. तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 31/5 रकबा 0.0990 हे./ क्षेत्रफल 960 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता संतोष कुमार कौशिक पिता श्री हर प्रसाद कौशिक, निवासी ग्राम घुरू, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर, उक्त सौदे की राशि में से अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दिये गये पते पर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नहीं किया जायेगा, तथा क्रेता अपने नाम पर आवश्यक रूप से नामांतरण करा लेवेंगे।
सो सूचना जाने।
दिनांक 17.03.2025
बिलासपुर (छ.ग.)
**भवदीय**
**श्रीमती सावित्री देवी सिदार**
**पति श्री राजेन्द्र कुमार सिदार**
**पता ग्राम परसकोल, तहसील खरसिया**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**मोबाइल नंबर- 6263766400**

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**नोटिस**
रा.प्र.क्र. RD202425630126500005/अ - 227/2023-24 ग्राम भठलीकला प.ह.नं. 01
एतद् द्वारा 1. यशवंत आ. सुधाराम ध्रुव जाति गोड़ 2. शिल्पा ध्रुव आ. सुधाराम ध्रुव जाति गोड़ दोनो निवासी-ग्राम उस्लापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रकांत ध्रुव पिता श्री सुधाराम ध्रुव जाति गोड़ निवासी वार्ड नंबर 01. उस्लापुर, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. ग्राम भठलीकला में स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 14/3, 178/4, 178/10, 181/3, 218/3, 218/19, 232/3, 240/1, 275/15, 275/20, 279/4, 290/1, 291/1, 400, 401, 402 रकबा क्रमशः 0.6350, 0.2020, 0.1860, 0. 1620, 0.2710, 0.4050, 0.4050, 2.0230, 0.5710, 0.2950, 0.3040, 0.2100, 0.7560, 0.4370, 0.0360, 0.0360. 0.0320 हे. का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आप बतौर अनावेदकगण है।
अत: उक्त खाता विभाजन के संबंध में कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 03.04.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त खाता विभाजन के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।
आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-171 श्रीमती पूजा तिवारी पति श्री रितुराज तिवारी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2013 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती निर्मला कैवर्त पति श्री डेरहाराम कैवर्त को विक्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास 23 मूल आबंटी श्रीमती भोगवति उपाध्याय पति स्व. श्री दिलेश्वर उपाध्याय के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2014 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्रीमती मीना तिवारी पति श्री शिव नारायण तिवारी को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी ।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री हेमंत क्षत्रिय पिता श्री गिरधारी लाल क्षत्रिय निवासी करबला रोड बिलासपुर से इनके द्वारा अनुबंधित भूमि जिसके मूल भूस्वामी श्रीमती सुशीला अग्रवाल पति श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल निवासी रायपुर के नाम है उक्त अनुबंधित भूमि अनुबंधकर्ता श्री हेमंत कुमार क्षत्रिय से मौजा मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. बिलासपुर, वि.ख. बिल्हा तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नंबर 1059/5 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने।
**भवदीय**
**शारदा सिंह पति करतार सिंह**
**निवासी मोपका बिलासपुर**
**मो. 7879006223, 9329718088**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**
प्रति, 1. तैय्यब हुसैन 2. सूर्यकांत सहारे 3. भंजन सिंह 4. प्रमोद कुमार बनसोड़ 5. श्वेता उपाध्याय/सुमीत उपाध्याय 6.अन्य हितबद्ध पक्षकार
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक.....
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 13/8/क, 13/64 रकबा 1860, 1140 वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी तैय्यब हुसैन पिता/ पति अख्तर हुसैन निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है।
उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 19/03/25 को समय 11:00 को से 5:00 बजे तक किया जावेगा।
अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सुचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।
**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णु देव से मिले मुंगेली जिपं अध्यक्ष पांडेय

**जरहागांव।** मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।



मुंगेली जिपं पर बीजेपी का कब्जा होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए मंथन चला। बीजेपी ने जरहागांव के दशरंगपुर निवासी श्रीकांत पांडेय पर विश्वास जताया। उनके अध्यक्ष बनने पर प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने उज्जवल भविष्य का कामना की। इस अवसर पर जनपद सदस्य पवन पांडेय, पद्मनी मोहले, लक्ष्मी चंद मोहले, शंभू कश्यप, नरेश पटेल वेदप्रकाश कश्यप ने उनका स्वागत किया।

### परीक्षा के पूर्व संध्या पर कोसमा स्कूल में सम्मान समारोह



**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा संकुल कोना में पांचवीं आठवीं के बच्चों को विदाई दी गई। गौरतलब हो कि पांचवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा 17 मार्च से है। वहीं आठवीं की 18 मार्च से शुरू होगी। हर साल की तरह इस साल भी विद्यालय की परंपरा अनुसार शाला की अंतिम कक्षा के बच्चों को विदाई दी गई। सभी बच्चों से विद्यालय में सीखे अनुभवों को नम आंखों से साझा किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। शाला परिवार द्वारा सभी बच्चों को प्रतीक चिन्ह के रूप में टिफिन और पेन प्रदान किया गया। शिक्षकों द्वारा भयमुक्त वातावरण में केंद्रीयकृत परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने पर जोर दिया गया। विदाई समारोह में राजेश्वरी पात्रे प्रधान पाठक मिडिल, रजनी कश्यप प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षकों में मनोज कश्यप, खुमेश्वर सोनवानी, खीरेंद्र साहू, महेंद्र सिंह गेंदले, रामकुमार साहू, सुनील यादव, गौतम साहू, धरम दास पात्रे, मुखीराम यादव अध्यक्ष मिडिल, रोहित यादव शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्राथमिक की गरिमामयी उपस्थिति रहा।

### ग्राम मोहतरा तेली में पीपल का पौधा लगाकर मनाई होली




**लालपुर।** ग्राम मोहतरा तेली में तालाब के समीप पीपल के पौधा लगाकर होली का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मिलकर पीपल के पौधे की पूजा-अर्चना की और इसके महत्व पर चर्चा की। तीरथ और अभिषेक ने बताया कि पीपल के वृक्ष को लगाकर उन्होंने न सिर्फ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, बल्कि इसे अपनी दोस्ती की निशानी भी बनाई है। राम साहू और धर्मराज ने कहा कि पेड़ एक शिशु की भांति होता है जिनका जतन बड़ी लगन के साथ करना होता है।

### अग्रहरि महिला मंडली ने धूमधाम के साथ मनाई होली



**करगी रोड कोटा।** अग्रहरि महिला मंडली द्वारा अग्रहरि धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगों का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक सामाजिक मेलजोल और सभी को समान समझने का प्रतीक, आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंग लगा प्रेमपूर्वक गले मिल होली बड़े उत्साह से मनाया गया। महिला मंडली ने अबीर-गुलाल उड़ाकर इस रंग-बिरंगे त्योहार का आनंद लिया। होली मिलन में सामाजिक समरसता के तहत महिलाओं ने आनंद उठाया।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम परसदावेद में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा पीठ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व गांव की बालिकाओं और महिलाओं ने गुढ़ीहारी तालाब से जल भरकर सिर पर कलश रखकर सामने चल रहे कीर्तन भजन मंडली के साथ गांव के गली मोहल्लों की परिक्रमा करते हुए बंधवापारा स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण कथा स्थल पर पहुंचे। जहां पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की गई। 17 से 24 मार्च तक आयोजित होने वाले यह पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का मूल उद्देश्य लोगों को धार्मिक आस्था के प्रति जोड़ने का प्रयास करना है।

## पाचवीं बोर्ड: शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

# मुंगेली ब्लाक के 255 परीक्षा केंद्रों में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



मुंगेली ब्लाक में आज से 5वीं बोर्ड शासकीय प्राथमिक शाला में 227 परीक्षा केंद्र एवं अशासकीय में 28 परीक्षा केंद्र कुल 255 परीक्षा केंद्र में पांचवीं बोर्ड का केंद्रीय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 5055 बच्चे दर्ज हुए प्रत्येक स्कूल में प्रधान पाठकों को केंद्र अध्यक्ष अंतर स्कूल किया गया था एवं शैक्षिक समन्वय को अंतर संकुल में प्रभारी बनाकर भेजा गया था ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

समानता परीक्षा का भय परीक्षा देने वाले पर अधिक होता है इस भय को समाप्त करने के लिए मुंगेली ब्लाक के प्रत्येक शाला में परीक्षा उत्सव का आयोजन किया गया था। छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर एवं गुलदस्ता भेंट करके परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाया गया था बच्चों में बहुत उत्साह था और बिना तनाव के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। बीईओ डॉ. प्रतिभा मण्डलोई ने बताया कि हर परीक्षा को एक नए अवसर के रूप में देख सकते हैं, जीवन में हर पड़ाव पर आने वाली परीक्षा ही किसी भी छात्र के लिए बेहतर भविष्य की आधारशीला रखती है, यह कहना भी गलत नहीं होगा की परीक्षा छात्रों के लिए किसी जंग से काम नहीं होती जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए हर छात्र को प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में कक्षा पांचवी एवं आठवीं के बच्चों हेतु काफी लंबे अरसे के बाद बोर्ड एग्जाम के तर्ज पर केंद्रीकृत परीक्षा का आयोजन 17 मार्च से किया जा रहा है, बच्चों के मध्य परीक्षा के डर को खत्म करने हेतु इसे एक उत्सव के रूप में मनाने की आवश्यकता है, अतः सभी विद्यालय परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व इस परीक्षा को उत्सव का रूप देते हुए बच्चों के प्रोत्साहन स्वरूप विविध कार्यक्रम का आयोजन शाला स्तर पर शिक्षकों द्वारा किया जा सकता है। इससे बच्चों के मानस पटल पर यह सुनिश्चित होगा कि परीक्षा सिर्फ एक पड़ाव है, असली सफलता आत्मविश्वास, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच से मिलती है।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



**जरहागांव।** जरहागांव क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्कूलों में आयोजित पांचवीं की परीक्षा का अवलोकन जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मंडलोई ने किया। परीक्षण की शुरूआत बरेला प्राथमिक शाला से की। इस अवसर पर बीईओ प्रतिभा मंडलोई ने बच्चों को अच्छे से पेपर हल करने हेतु प्रेरित किया। डीईओ सीके घृतलहरे कहा कि 5वीं आठवीं दोनों ही कक्षाओं में प्रश्न पत्र तीन सेट एबीसी में प्रदान करना सुनिश्चित हुआ है जिनका हल करने का समय तीन घंटे है। परीक्षा के दौरान डीईओ सीके घृतलहरे, बीईओ प्रतिभा मंडलोई, पिंकी शर्मा, प्रीति दीक्षित, दिलीप पटेल, गौकरण डिंडोले, गायत्री ठाकुर, ऊषा कुमारी, पूनम यादव, नामगिरि गोस्वामी, अजय कुमार ध्रुव, गौकरण कश्यप आदि मौजूद रहे।

### रहंगी पंचायत की अनूठी पहल, बच्चों को दी पाठ्य सामग्री



**लोरमी।** ग्राम रहंगी के शासकीय स्कूल में कक्षा 5 व कक्षा 8 वी की परीक्षा संध्या के पूर्व परीक्षा पे चर्चा ,सह विदाई समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को पंचायत परिवार,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा परीक्षा उपयोगी सामग्री बांटी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त सरपंच सुखमनी भगवान सिंह पोर्ते ने बच्चों को बिना किसी डर के परीक्षा देने को बात कही। कार्यक्रम को उप सरपंच संध्या भोला राम साहु ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत तिवारी ने किया। इस अवसर पर भगवान सिंह पोर्ते, शाला प्रबंधन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, प्रधान पाठक चंद्रकांत डडसेना , आबिदा परवीन पंच , शिक्षक शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।

## रैली निकालकर जनपद सदस्य ने जनता का जताया आभार



**बेलतरा।** बिल्हा ब्लॉक की जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की जनपद सदस्य कमला विजय साहू ने जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर रैली निकालकर जनता का आभार जताया। आभार व्यक्त करने के लिए कमला साहू बैंड-बाजा के साथ नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य सरपंच पंच एवं कार्यकर्ताओं के साथ निकली। जिसमें विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, उत्तर मंडल अध्यक्ष मणि दास मानिकपुरी, दक्षिण मंडल के अध्यक्ष मनीष कौशिक, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 अनुसूईया जागेंद्र कश्यप ,नेवसा पंचायत सरपंच माधवी उमेश साहू, कड़री सरपंच गंगा प्रसाद साहू, बेलतरा सरपंच सुरेश कश्यप, गिधौरी सरपंच शिवनारायण कश्यप,उप सरपंच विनोद कश्यप नेवसा, एडी साहू, परमेश्वरी कश्यप, उप सरपंच बेलतरा दुर्गा सत्या साहू, आरके साहू ,कौशल कश्यप ,राजू ठाकुर, सतीश कश्यप, लेखराम धीवर, मेला राम साहू, प्रमोद वैष्णव, शिवदीप महाराज ,ध्रुव साहू, धनीराम साहू , पारस ,तपेश ,पुक्रांता, प्रदीप कश्यप कृष्णा यादव, शुभम साहू आदि शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में आभार रैली में शामिल होकर क्षेत्र के ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। कमला विजय साहू ने ग्राम पंचायत नेवसा, कड़री, गिधौरी एवं बेलतरा में आभार रैली कर आशीर्वाद लिया।

## निर्विरोध नपं उपाध्यक्ष बने मनोज

**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया के उपाध्यक्ष का निर्वाचन सोमवार को सम्पन्न हुआ जिसमें नगर पंचायत पथरिया के पूर्व उपाध्यक्ष और चार बार के पार्षद भाजपा नेता मनोज पांडेय निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस जीत को उन्होंने भाजपा संगठन और क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक की जीत बताया और पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, नगर के भाजपा नेता निश्चल गुप्ता, जसपाल छाबड़ा, रविन्द्र बघेल के साथ सभी भाजपा पार्षदों और पथरिया के नागरिकों का आभार जताते हुए कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक के विजन अनुसार नगर को नगरीय सुविधाओं से सम्पन्न विकसित नगर बनाएंगे। मनोज पांडेय के उपाध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने इसे भाजपा संगठन के कुशल नेतृत्व का परिणाम बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत पर्यवेक्षक गुरमीत सिंह सलूजा, भाजपा जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष संजय राजपूत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, नगर के भाजपा नेता जसपाल छाबड़ा, राम बघेल, इंद्रजीत यादव, मेला राम डनसेना, भावेश गुप्ता, गणेश सोनी, रघुनन्दन कर्माकर, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, रविन्द्र बघेल, ओमू दिवान, संतु निषाद, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, महामंत्री अमित बंजारे, शत्रुहन पाली, योगानन्द साहू, अजय यादव, राजेन्द्र निर्मलकर, शंकर यादव सहित नगर के सभी भाजपा पार्षद उपस्थित रहे।



## एनटीपीसी ने इंतेजामिया कमेटी को दिया कचरा संग्रहण के लिए ई-रिक्शा



**सीपत।** एनटीपीसी सीपत ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गुरुवार को इंतेजामिया समिति दरगाह, लूथरा शरीफ को 1 लाख 57 हजार रुपए का ई-रिक्शा प्रदान करके पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया। इस कदम से अपशिष्ट प्रबंधन तथा अपशिष्ट पृथक्करण बेहतर होगा तथा लूथरा शरीफ दरगाह परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता मिलेगी। परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पांडे, एनटीपीसी सीपत ने इंतेजामिया कमेटी दरगाह लुतरा शरीफ के सेक्रेटरी रियाज अशरफी को ई-रिक्शा की चाबी जयप्रकाश सत्यकाम, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, चंद्रमणि सिंह मरावी सरपंच लूथरा की उपस्थिति में सौंपी। एनटीपीसी सीपत द्वारा अपशिष्ट परिवहन की चुनौती का समाधान करके स्वच्छ परिवेश तथा बेहतर साफ-सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। इस दौरान ग्राम पंचायत लुतरा के सरपंच चंद्रमणि मेरावी, जनपद सदस्य देवेश शर्मा, उप सरपंच जीवन लाल, मुस्लिम जमात अध्यक्ष हाजी अब्दुल करीम, कमेटी के खजांची रौशन खान, फिरोज खान, नारायण सिंह मेरावी, परसराम कैवर्त, शेख अब्दुल गफ्फार खान, अब्दुल शहनवाज, अब्दुल नाईम, आशिष शर्मा, उस्मान खान, हाजी साबिर, हाजी शेर मोहम्मद, शेख निजामुद्दीन तथा मोहन यादव आदि मौजूद थे।

## लुतरा शरीफ में जनप्रतिनिधियों का सम्मान आज

**सीपत।** हजरत बाबा सैयद इंसान अली शाह की दरगाह परिसर में ग्राम पंचायत लुतरा के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य का सम्मान इंतेजामिया कमेटी दरगाह लुतरा शरीफ द्वारा किया जाएगा। रमजान उल मुबारक के मौके पर मंगलवार को रमजान के 17 वें रोजा पर कमेटी के मोहम्मद कुद्दुश की ओर से शाही रोजा इफ्तार का भी आयोजन किया गया है। दरगाह इंतजामिया कमेटी लुतरा शरीफ के आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में मुस्लिम रोजेदार इस इफ्तार पार्टी में शामिल होंगे।

### प्रत्येक मंगलवार को होगा कलेक्टर जनदर्शन

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से फिर से जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जनदर्शन में जिले के आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# अटल ने उठाया मजदूरों के शोषण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में करगीरोड कोटा की स्लीपर फैक्ट्री के मजदूरों के शोषण के मुद्दे विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उठाया।

श्री श्रीवास्तव ने प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन से जानना चाहा कि क्या करगीरोड कोटा में संचालित रेलवे के लिए स्लीपर बनाने वाली फैक्ट्री के नियोजकों द्वारा श्रम अधिनियम का पालन किया जा रहा है? क्या श्रमिकों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है? क्या नियमित एवं ठेकेदारी श्रमिको को इपीएफ का लाभ प्रदान किया जा रहा है? कितने श्रमिक उक्त कारखाने में नियमित है एवं कितने श्रमिक ठेकेदारी में नियोजित है। अटल श्रीवास्तव ने प्रश्न के दौरान यह भी आरोप लगाया कि कारखाना मालिक द्वारा कोटा के पहाड़ को काट कर गिट्टी के रूप में उपयोग किया जा रहा है जिसकी कोई रायल्टी शासन को प्राप्त नहीं हो रही है। रेत का अवैध भण्डारण कारखाने द्वारा किया गया है उसका भी रायल्टी शासन को प्राप्त नहीं हो रही है। अटल श्रीवास्तव ने मंत्री से यह भी जानना चाहा कि सीएसआर मद की कोई राशि विकास के लिए संबंधित गांव को प्राप्त हो रही है क्या? विधायक ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों में प्रदुषण की समस्या कारखाने के कारण हो रही है।

अटल श्रीवास्तव ने बताया कि मंत्री जी ने जवाब के दौरान यह बताया कि पार्टील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में 500 श्रमिक नियोजन का प्रावधान है जबकि वर्तमान में 72 श्रमिक कंपनी के पेय रोल पर है और 235 श्रमिक ठेकेदार के अंदर काम करते है। अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा के माध्यम से यह भी जानकारी दी की कुछ समय पहले एक श्रमिक दुर्घटना में घायक हुआ था जिसे बिना श्रम विभाग एवं संबंधित विभाग को जानकारी दिये काम से हटाकर विदा कर दिया गया, यदि कोई मजदूर वेतन विसंगति या सुरक्षा को लेकर शिकायत करता है तो ठेकेदार उसे काम से बाहर कर देता है। कारखाने में न तो श्रम अधिनियम का पालन हो रहा है और न ही कारखाना अधिनियम के तहत सुरक्षा मानको का पालन किया जा रहा है। अटल श्रीवास्तव ने प्रश्न के माध्यम से यह जानना चाहा कि क्या मंत्री जी इन घटनाओं की जांच करायेगे और जांच के पश्चात कार्रवाई करेंगे? जवाब देते हुए मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि 2023 से आज तक एक भी शिकायत संबंधित विभाग को प्राप्त नहीं हुई है।

## भीम चौक से गांधीनगर जाने वाली सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



- मार्ग पर बन गए बड़े-बड़े गड्ढे

धार्मिक नगरी रतनपुर के सबसे व्यस्त मार्ग महामाया चौक से भीम चौक गांधीनगर तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। मार्ग पर आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवरात्रि पर्व भी नजदीक है, इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

महामाया चौक से पेंड्रा की ओर जाने वाली नेशनल हाईवे सड़क रतनपुर शहर से होकर गुजरती है। महामाया चौक से लेकर भीम चौंक गांधीनगर थाना पारा होते हुए वह पेंड्रा की ओर जाती है जो कि वह रोड बहुत ही जर्जर हो चुकी है।अधिकारी कर्मचारी का इस और कोई ध्यान नहीं है। बड़ी-बड़ी गाड़ियां इस ओर से गुजरती हैं। नवरात्रि पर्व भी बहुत नजदीक है। इसी रोड से ही महामाया मंदिर जाने के लिए वीआईपी मार्ग बनाया जाता है। मगर विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय निवासी भी बहुत परेशान हैं। इस मार्ग पर बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलती हैं। रात में और तेज रफ्तार से गाड़ियां चलती हैं और जब गाड़ियां गड्ढे में पड़ती है तो उनकी आवाज से घर तक हिल जाते हैं जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। अगर जल्द ही इस रोड की मरम्मत नहीं की गई तो इसकी शिकायत कलेक्टर से करने की बात कही जा रही है।

### निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**मुंगेली।** निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अंतर्गत निजी विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन 31 मार्च तक किया जा सकता है। आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन में दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र का निर्धारण 25 अप्रैल, लॉटरी आबंटन 1 से 2 मई, स्कूल दाखिला 5 से 30 मई तक किया जाएगा।

### सिद्ध मुनि आश्रम में रुद्र महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन 18 से

**सीपत।** जांजगीर चांपा जिले के सिद्ध मुनि आश्रम दलहागिरी में नवदीप सिंह श्री रुद्र महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन का आयोजन 18 मार्च से किया जाएगा। इसमें कथावाचक कौशल किशोर दुबे बाम्हु वाले होंगे। मुख्य यजमान के रूप में नंदकुमार गुरुद्वान चंगोरी मदन मोहन सिंह साकर हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में ग्राम पड़रिया कटघरी खटोला पोड़ी दल्हा चंगोरी धनपुर पिपरदा सांकर अमलीपाली सोनडीह मधुआ फरहदा चंदनिया बाना परसाही दोरला अकलतरी, सोनादुला ऊनी कुली बछौद झिरिया पचरी बलौदा अकलतरा एवं समस्त क्षेत्रवासी जुटे हुए हैं।

### क्रिकेट प्रेमियों ने लिया लीजेंड कप का आनंद

**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय लीजेंड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम रायपुर में किया गया। जिसमें भारत ने इस मैच को जीत कर लगातार तीन बार जीत कर इतिहास रचा। मुंगेली के क्रिकेट प्रेमियों ने रायपुर पहुंचकर मैच का आनंद लिया। जिसमें पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रामकुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य निरंजन साहू, संजय साहू, सुखनंदन साहू, संदीप साहू, चूड़ामणि साहू, योगेश्वर साहू, सागर पटेल, अजय साहू सहित क्रिकेट प्रेमियों ने रायपुर के वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट का आनंद लेते हुए आयोजन की सराहना की गई।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, दिए निर्देश

# सभी पात्र हितग्राहियों के लिए बने वय वंदना कार्ड

**मुंगेली।** कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर राहुल देव ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने रबी की फसलों के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे के संबंध में जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप सर्वेक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से न केवल फसलों से संबंधित आंकड़े मिलते हैं, बल्कि फसलों के मूल्यांकन एवं आपदा की स्थिति में किसानों को मुआवजा देने में भी आसानी होती है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री वय वंदना कार्ड बनने की स्थिति की भी जानकारी ली और अभियान चलाकर सभी पात्र हितग्राहियों का कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिले में सड़क निर्माण प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली और लोरमी-कंतेली सड़क मार्ग को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुंगेली से कवर्धा नेशनल हाईवे के धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नवनिर्वाचित सरपंच व उप सरपंचों को बेहतर प्रशिक्षण देने प्रशिक्षण स्थल की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। नगरीय निकायों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी वार्डों में गर्मी को देखते हुए पानी की पर्याप्त एवं उचित व्यवस्था करने तथा मच्छर के प्रकोप को दूर करने फागिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। गर्मी के समय में ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र का दौरा करने तथा अवैध विद्युत कनेक्शन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने बच्चों के विद्यालय में प्रवेश, केंद्रीय विद्यालय के निर्माण, धान उठाव, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, खाद भंडारण, सामूहिक कन्या विवाह योजना सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय-सीमा में आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## निधन

### किशोर शुक्ला



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 4 निवासी रिटायर्ड आरएचओ किशोर शुक्ला का 60 वर्ष की आयु में 17 मार्च सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वार्ड क्रमांक 3 स्थित मुक्तिधाम में किया गया है। वे राजेन्द्र शुक्ला, अशोक शुक्ला के भाई थे।

### योगेश भाई शाह



**बिलासपुर।** मन्नू चौक गुप्ता गली टिकरापारा निवासी योगेश भाई शाह का 17 मार्च को 51 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 मार्च को सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान से दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हितेष भाई शाह के छोटे भाई, उषा बेन शाह के पुत्र व केवल, पारस के पिता थे।

## खबर संक्षेप

### दानपेटी चोरी करने वाला युवक पकड़ा गया

**बिलासपुर।** मंदिर से दानपेटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 16 मार्च को अशोक विहार फेस 2 स्थित शिव शक्ति मंदिर का ताला तोडकर दानपेटी चोरी कर ली गई थी। सुधा साहू की रिपोर्ट पर पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई थी। मुखबिर की सूचना पर अशोकनगर फेस 2 निवासी साहिल प्रजापति पिता तिहरा प्रजापति 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने दानपेटी चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से चोरी की गई दानपेटी व 8 हजार रुपए नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### चापड़ लहराते युवक पुलिस की गिरफ्त में

**बिलासपुर।** पुलिस ने चापड़ रखकर आने जाने वाले लोगों को डराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली, मुक्तिधाम चौक के पास एक युवक हाथ में चापड़ रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चापड़ सहित अर्जुन राजपूत उर्फ पंगा पिता प्रमोद राजपूत 22 साल गीताजंली सिटी फेस 1 अटल आवास निवासी को पकड़कर चापड़ बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली पर विवाद होने के बाद महिलाओं ने एसपी आफिस में घेराव कर अवैध शराब बेचने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की। जिसके बाद कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि 15 मार्च को मंगलाधूरी के महिलाओं ने विवाद के बाद सिविल लाइन थाने में कार्रवाई नहीं होने पर एसपी आफिस का घेराव कर अवैध शराब बेचने वाले पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाई थी। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइन पुलिस के साथ दबिश देकर धूरीपारा निवासी जगदीश ध्रुव उर्फ पुक्कू पिता परदेशी ध्रुव 40 साल को पकड़कर उसके पास स्कूटी की डिक्की से 62 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पूर्व जनपद सदस्य की पत्नी पर गबन का आरोप

**बिलासपुर।** पूर्वजनपद सदस्य की पत्नी पर लाखों रुपए लोन की राशि गबन करने का आरोप लगाते हुए 55 महिलाओं ने सीपत थाने में शिकायत की है। पुलिस जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपति ने बताया, ग्राम पोड़ी के 55 महिलाओं के द्वारा लिखित शिकायत कर आरोप लगाई है। ग्राम पोड़ी के पूर्व जनपद सदस्य प्रमिलदास मानिकपुरी की पत्नी रंजना मानिकपुरी ने महिलाओं से गांव में विकास कार्य, बोर खनन, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य करने का आश्वासन दिलाकर अलग-अलग 15 विभिन्न बैंकों से उनके नाम पर लोन निकलवाई और उनके हाथों में पैसा दिलाई। महिलाओं ने निर्माण कार्य के लिए लोन की राशि रंजना मानिकपुरी को दे दी। कुछ माह तक रंजना उनका किस्त पटा रही थी। उसके बाद किस्त पटाना बंद कर दी है। वहीं उनके लोन की राशि नहीं लौटा रही है।

**पानी, बिजली, शौचालय की व्यवस्था भी निगम कराएगा, खर्चा फूल व्यापारी उठाएंगे**

**मोबाइल, पान ठेले, चाय नाश्ते के साथ ही आटो पार्ट्स की दुकानें भी होंगी शिफ्ट**

# 24 साल पुराना फूल बाजार अब रिवर व्यू के पास होगा शिफ्ट, निगम देगा गुमटी

**बिलासपुर।** जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 24 सालों से चल रहे फूल बाजार को अब पुराने रिवर व्यू में गोंडपारा की तरफ शिफ्ट किया जा रहा है। यहां 70 दुकानें लगेंगी। रिवर व्यू में जहां चाट गुपचुप और फास्ट फूड के ठेले लगते हैं, वहां इस फूल बाजार लगाया जाएगा।



निगम इनके लिए वहां पानी, बिजली, शौचालय की व्यवस्था कराएगा। इसके साथ ही निगम गुमटी भी बनाकर देगा जिसका खर्चा फूल व्यापारी उठाएंगे। इमलीपारा में जहां पहले फूल बाजार शिफ्ट हो रहा था वहां जेल चौक के आसपास लगाईं जा रहीं दूसरी 30 दुकानें शिफ्ट की जाएंगी। इसमें मोबाइल, पान ठेले, चाय नास्ते के साथ ही आटो पार्टस की दुकानें शामिल हैं। गौरतलब है कि निगम ने इमलीपारा में फूल बाजार के साथ ही दूसरी दुकानों के लिए जगह तय कर दी थी। इसमें फूल व्यापारियों के साथ ही कुल 68 लोगों को जगह दी जा रही थी। फूल व्यापारियों ने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि इमलीपारा में इतनी जगह है नहीं और सभी का कारोबार खराब होगा। यही नहीं दुकानें आमने सामनें होंगी तो छोटी सी जगह में और परेशानी होगी। व्यापारियों ने इमलीपारा की सड़क तरफ दुकानों का फेस रखने की मांग की थी। विरोध के बाद भी तय किया गया था कि 16 दिसंबर के बाद जब शादी का सीजन खत्म हो जाएगा तह शिफ्टिंग शुरू कर दी जाएगी।

### चौपाटी के बगल में दुकानों के लिए मार्किंग

व्यापारियों ने इसके बाद ज्ञापन बनाते हुए निगम आयुक्त से मुलाकात की और अपनी परेशानी बताई। आयुक्त और व्यापारियों की सहमति के बाद तय किया गया कि रिवर व्यू में बनी चौपाटी के बगल में अब इस फूल बाजार को शिफ्ट किया जाएगा। निगम जल्द ही इस जगह पर मार्किंग करेगा। बताया जा रहा है कि दुकानों की साइज अधिक बड़ी नहीं होगी, हालांकि दुकानों का फेस गोंड़पारा की सड़क की तरफ रहेगा। व्यापारियों का कहना है कि निगम ने शहर के बीच में जगह तय की है इससे वे खुश हैं। गुमटी बनाकर स्थायी तौर देने और उसका शुल्क देने को भी वह तैयार हैं। फिलहाल 30 गुमटियां बनकर तैयार भी हो गईं हैं।

### बाजार से लगाव, शिफ्टिंग पर होगी परेशानी

फिलहाल जिस जगह पर फूल बाजार है वहां के व्यवसायी दूसरी जगह जाने को तैयार नहीं है। इनका कहना है कि 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। व्यापारियों का कहना है कि यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। फूल व्यापारी राजकुमार यादव ने बताया कि यह मार्केट 24 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। व्यापारियों के मुताबिक प्रशासन ने साल 2000 में व्यापारियों को गुमटी बनाकर दी थी। तब से यह बाजार यहां स्थापित है, जिसे अब लोग 'फूल चौक' के नाम से जानते हैं।

### रिवर व्यू में होगा शिफ्ट सुविधाओं की मांग

संघ के अध्यक्ष रॉकी सैनी और अन्य व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है? उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं। पुरानी दुकानों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, इसलिए नई और व्यवस्थित दुकानों की मांग भी उठाई गई है।

**बिलासपुर झारसुगुड़ा के बीच चल रहा है 206 किलोमीटर रेल लाइन बिछाने का काम**

# चौथी रेल लाइन के लिए रोके जाएंगे 46 ट्रेनों के पहिए, हलाकान होंगे यात्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

2100 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर से झारसगुड़ा सेक्शन के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण पूर्व के साथ अब 11 से 23 अप्रैल तक लोकल मेमू, एक्सप्रेस सहित 36 ट्रेनों के पहिए रोकने का आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं चार गाड़ियों का परिचालन डायवर्ट रूट से करने और अन्य गाड़ियों को बीच में समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। रेल प्रशासन ने पिछले पांच वर्षों में बिलासपुर से झारसुगुड़ा चौथी लाइन, बिलासपुर से कटनी मुरवारा सेक्शन के बीच पेण्ड्रारोड, अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन, रायपुर से नागपुर के बीच चौथी लाइन का कार्य करने के लिए 7 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर करोड़ों की संख्या में यात्रियों का सफर प्रभावित किया है।

रेलवे के अनुसार अधोसंरचना का कार्य पूरा होने के बाद यात्री गाड़ियों के आवागमन समय सारिणी के साथ होने पर यात्रियों को सुविधा मिलेगी, लेकिन वर्तमान में यात्री ट्रेनो के रद्द होने से हलाकान हो रहे हैं। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन एक महत्वपूर्ण व व्यस्त रेल मार्ग है। इसकी कुल लंबाई 206 किलोमीटर है, जिसे 2100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 11 से 23 अप्रैल तक किया जाएगा।

इस कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा और कार्य के पूर्ण होने के बाद गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। इसमें मुख्य रूप से 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

### परिवर्तित चलेगी ट्रेनें

इस दौरान परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों में 11 से 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 11 से 24 अप्रैल तक 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 11, 14, 15, 16, 18, 21, 22, 23 अप्रैल को 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। इसके कारण ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

### प्रभावित होने वाली ट्रेनें

11 से 24 अप्रैल तक 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द।
11 से 24 अप्रैल तक 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द।
10 से 23 अप्रैल तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द।
10 से 23 अप्रैल तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द।
10 से 23 अप्रैल तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द।
11 से 24 अप्रैल तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द।
11 से 24 अप्रैल तक 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी रद्द।
11 से 24 अप्रैल तक 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर रद्द।
16 एवं 23 अप्रैल को 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द।
17 एवं 24 अप्रैल को 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द।
11, 15, 18, 22, 25 अप्रैल को 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द।
8, 12, 15, 19, 22 अप्रैल को 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस रद्द।
12 एवं 19 अप्रैल को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द।
14 एवं 21 अप्रैल को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस रद्द।
10, 14, 17, 21 अप्रैल को 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द।
12, 16, 19, 23 अप्रैल को 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 18 अप्रैल को 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द।
13 एवं 20 अप्रैल को 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 18 अप्रैल को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस रद्द।
13 एवं 20 अप्रैल को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द।
9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द।
11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द।
10 एवं 17 अप्रैल को 22894 हावड़ा-सांईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द।
12 एवं 19 अप्रैल को 22893 सांईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द।
11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द।
13, 14, 20, 21 अप्रैल को 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 24 अप्रैल को 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 24 अप्रैल को 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 24 अप्रैल को 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस रद्द।
11 एवं 24 अप्रैल को 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस रद्द।
10, 12, 17, 19 अप्रैल को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस रद्द।
12, 14, 19, 21 अप्रैल को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रद्द।
9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द।
11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द।
11, 12, 14, 15, 18, 19, 21, 22 अप्रैल को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रद्द।
13, 14, 16, 17, 20, 21, 23, 24 अप्रैल को 12102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रद्द।

# सिटी बसों की जर्जर स्थिति को लेकर शासन से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में संचालित इंटर सिटी बसों और सिटी बसों के मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शासन की ओर से बताया गया कि सभी रूट्स पर किराया राउंड ऑफ में कर दिया गया है। डीबी ने शासन को सिटी बसों की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी देने का निर्देश दिया है।



बिलासपुर में सिटी बसों की जर्जर हालत और प्रदेश में चल रही अंतर नगरीय बस सेवा को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया था। इसके बाद से जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू कर दी गई थी। आज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई में अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ने बताया कि पूर्व में इस न्यायालय ने जो किराये को लेकर उसे पूर्णांक में किए जाने का निर्देश दिया था। शासन ने उस पर अमल करते हुए सभी बसों का किराया राउंड ऑफ कर दिया है। इससे अब किसी भी रूट पर किराया दशमलव में नहीं होगा और यात्रियों को भी परेशानी नहीं होगी। डिवीजन बेंच ने शासन से कहा कि अभी सिटी बसों की स्थिति क्या है। इनमें से कितनी फिट होकर चल रही है, कितनी जर्जर है। शासन अब अगली सुनवाई तक इस बात की विस्तृत जानकारी पेश करेगा।

### चल रहीं 328 एंबुलेंस

छत्तीसगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा की जर्जर हालत पर आज हुई सुनवाई में शासन की ओर से शपथपत्र पेश कर बताया गया कि प्रदेश में कुल 328 एम्बुलेंस चल रही हैं, जिनमें दो तरह का लाइफ सपोर्ट सिस्टम रखा गया है। अगली सुनवाई की तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है।

# चढ़ती ट्रेन में सवार होने के चक्कर में ट्रैक पर गिरा यात्री

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन में सवार होने के चक्कर में एक यात्री का पैर फिसल गया और वह सीधे ट्रैक के अंदर जाकर फंस गया। यात्रियों के सहयोग और चालक के तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाने के कारण ट्रैक के अंदर फंसे यात्री की जान बच गई।

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर हावड़ा से मुम्बई जाने वाली ट्रेनों के साथ अन्य पैसेंजर गाड़ियों को 15 से 20 मिनट तक स्टापेज दिया जाता है। यह समय यात्रियों के कोच में सवार होने के लिए काफी होता है। रेलवे यात्रियों से ट्रेन के प्लेटफार्म पर आने से आधे घंटे पहले पहुंचने का अनाउंसमेंट भी करती है, ताकि यात्री आराम से अपने कोच में सवार हो सकें। रेल प्रशासन की समझाइश और अनाउंसमेंट करने के बावजूद कई यात्रियों के समझ में नहीं आता है और वे चलती ट्रेन में सवार होने की कोशिश करते हैं। इसी तरह का हाल ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद यात्री बड़े आराम से प्लेटफार्म पर सामान लेते हैं और जब ट्रेन चलने लगती है तो वे दौड़कर चलती ट्रेन में सवार होने का प्रयास करने के चक्कर में अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं।


- ट्रेन चालक ने लगाया इमरजेंसी ब्रेक, बच गई जान

इस तरह की घटना बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कई बार हो चुकी है। कुछ दिन पहले उत्कल एक्सप्रेस में सफर करने वाले एक वृद्ध ट्रेन में सवार होने के चक्कर में ट्रैक के अंदर चला गया। इसमें ट्रेन के पहिए से दोनों पैर कट गए और हास्पिटल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। इसी तरह का हादस बिलासपुर रेलवे स्टेशन में एक बार फिर से हुआ। प्लेटफार्म नम्बर 2 पर एलटीटी से भुनेश्वर की ओर जाने वाली एक्सप्रेस शाम 8 बजकर 15 मिनट पर पहुंची थी। ट्रेन 15 से 20 मिनट तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। यह समय यात्रियों के कोच में सवार होने के लिए पर्याप्त भी था। सिग्नल ग्रीन होते ही चालक ने ट्रेन को चलाना शुरु कर दिया। इस दौरान एक यात्री दौड़कर आया और कोच में सवार होने की कोशिश करने लगा। इस चक्कर में युवक का पैर फिसला और वह ट्रेन व रेलवे ट्रैक के बीच अंदर जाकर फंस गया। प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों ने युवक को अंदर देखा और हंगामा मचाना शुरु कर दिया। ट्रेन में सवार यात्रियों ने चेन पुलिंग की, जिससे चालक ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।

# बांध व नहरों से नहीं मिल रहा पानी, खेतों में सूखने लगी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**रबी की फसलों पर गहरा रहा है संकट**



जिले में जल संकट गहराता जा रहा है, पिछले कुछ दिनों से तेजी से जल स्तर नीचे जा रहा है, ऐसे में खेतों में चलने वाले ट्यूबवेल भी बंद होते जा रहे हैं, जिसके चलते खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है, किसान अब नदी और नहरों से पानी की बाह जोड़ रहे हैं, लेकिन बांध से पानी छोड़ना बंद हो चुका है।

जिले में हर साल रबी की फसल लगाई जाती है,ज्यादातर किसाने इस सीजन में भी धान की फसल लेते हैं, ऐसे में उन्हें पानी की आश्यकता रहती है, लेकिन खेतों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। पिछले 10 दिनों से जिले में ज्यादातर बोर सूखने के कगार में पहुंच चुके हैं, जहां बोर चल रहे हैं, वह भी आधा पानी ही निकल रहा है, ऐसे में अब नदी और नहरों से पानी की जुगत लगाई जा रही है लेकिन जल संसाधन विभाग पानी देने से मना कर चुका है। अधिकारियों का कहना है कि इस सीजन में पानी नहीं दी जा सकती है, अन्यथा गर्मी के दिनों में पशु व पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर महज 2 से 5 दिनों के लिए किसान पानी की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग पानी देने में पाबंदी लगा चुका है।

### जमीन के रिचार्ज होने की उम्मीद

जानकारों की माने तो नदी और नहरों में पानी आने के बाद कई बार जमीन रिचार्ज हो जाती है और रसातल में जाने वाले पानी को रोका जा सकता है लेकिन इस तथ्य पर जलसंसाधन विभाग भरोसा नहीं कर रहा है, ऐसे में खेतों में फसल सूखने लगी है और किसानों को बड़ा नुकसान होता दिखाई दे रहा है।

### वर्तमान में बांध से पानी देना संभव नहीं

ज्यादातर किसानों से धान की फसल लगाई है, शासन के नियमानुसार रबी की फसलों को पानी दिया जा सकता है, लेकिन धान के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। धान की फसलों में अत्यधिक पानी की आवश्यकता है। इसके लिए उच्च अधिकारियों के आदेश की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में बांध से पानी देना संभव नहीं है।

**-द्वारिका प्रसाद जायसवाल,** ईई, अरपा भैंसाझार परियोजना

### डियो खराब होने से घंटों बिजली रही बंद

**बिलासपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली का लोड भी लगातार बढ़ रहा है। लिंकरोड जोन के अंतर्गत पुराना हाईकोर्ट के आसपास घंटों बिजली बंद रही, वहीं बशीर काम्प्लेक्स के पास लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने के चलते घंटें भर बिजली सप्लाई बाधित रही। साथ ही लिंक रोड क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर के डियो के खराब होने के बाद शाम होते ही क्षेत्र में अंधेरा छा गया, इस दौरान मशक्कत के बाद सुधार कार्य किया गया, करीब 2 घंटें तक बिजली सप्लाई बंद रही।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**आबकारी की 66 दुकानों में जमकर बिकी शराब**

# जिले में होली पर 12 करोड़ की पी गए शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आबकारी विभाग ने राजस्व बढ़ाते हुए इस साल रिकार्ड तोड़ शराब बेची है। होली के एक दिन पहले जिले में 11 करोड़ 77 लाख रूपए की शराब बेची गई। होली के दिन ड्रा डे होने के चलते लोगों ने जमकर खराब खरीदी की गई। खास बात यह है कि पिछले साल की तुलना में ढाई करोड़ अधिक की आमदनी आबकारी विभाग को हो चुकी है।



जिले में होली से पहले शराब की जमकर बिकवाली देखी गई। इस दौरान जिले में लोगों ने 11 करोड़ 77 लाख रूपए की शराब के जाम छलकाए गए। खास तौर पर विदेशी शराब की बिकवाली हुई है। आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार होली के ठीक एक दिन पहले 4 करोड़ 64 लाख रूपए की देशी शराब जिले में बेची गई। जिले में 66 शराब दुकानों में विदेशी शराब बेचते हुए 7 करोड़ 13 लाख की आमदनी आबकारी विभाग ने कमाए हैं। दरअसल पिछले 5 माह में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब और बाहर से आने वाली शराब पर रोक लगाई है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। जहां पिछले साल 9करोड़ 44 लाख रूपए की शराब बेची गई थी, वहीं इस बार ढाई करोड़ रूपए बढ़ते हुए 11 करोड़ 77 लाख रूपए पर जा पहुंचा है।

### अहातों में चलाया स्वच्छता अभियान

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले के 66 शराब दुकानों में सफाई अभियान चलाया गया। सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी के मार्गदर्शन में संयुक्त तौर नगर निगम का सहयोग रहा। इस दौरान शराब दुकानों के सामने डस्टबिन रखे गए। निगम क्षेत्र में वसुंधरा नगर, मंगला चौक, चुचुहियापारा, तोरवा, सिरगिट्टी, सेक्टर डी, मधुबन, चांटीडीह और लिंगियाडीह, व्यापार विहार के अहातों में साफ सफाई की गई। इस दौरान संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई है। इस दौरान नगर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम आयुक्त अमित कुमार के मार्गदर्शन में विभागीय समन्वय के तौर पर काम किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411